मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-4, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 211 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल

15 जनवरी 2024 सोमवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

19 अधिकतम

13 न्यूनतम




कड़ाके की सर्दी में शेयर बाजार फिर गरमाया

# पहली बार सेंसक्स 73000 के पार



## बाजार गुलजार, लाइफटाइम हाई लेवल पर निफ्टी-सेंसेक्स

मुंबई/नई दिल्ली, एजेंसी।

एक ओर पूरे देश में सर्दी अपने कड़े तेवर दिखा रही है, यहां कि मुंबई में भी तापमान नीचे गिर रहा है, वहीं भारतीय शेयर बाजार ने आज सोमवार को निवेशकों की जेब गर्म कर दी है और पूरे बाजार में जबर्दस्त गर्मी पैदा कर दी। दरअसल आज मार्केट ओपन होने के साथ ही बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स नई ऊंचाई पर पहुंच गया और पहली बार 73,000 के स्तर को पार कर गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी में भी तूफानी तेजी आई और ये भी लाइफटाइम हाई लेवल को छूते हुए 22,000 के ऊपर निकल गया।

## फिर रचा नया इतिहास

आज स्टाक मार्केट कारोबार की शुरुआत जोरदार तेजी के साथ हुई। सेंसेक्स 505.66 अंक या 0.70 प्रतिशत की जोरदार उछाल के साथ 73,074.11 पर ओपन हुआ तो निवेशकों के चेहरे खिल गये। इसके बाद इसमें तेजी और बढ़ती नजर आती रही। ग्यारह बजे तक सेंसेक्स ने 73,288 का स्तर छू लिया था, जो इसका लाइफटाइम हाई है। निफ्टी 135.80 अंक या 0.62 प्रतिशत की तेजी के साथ 22,030.30 के लेवल पर खुला था और बाद लिखे जाने तक ये 22,062 के स्तर पर कारोबार कर रहा था इसने भी लाइफटाइम हाई लेवल को छू लिया था।

मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले के आदिवासियों से मोदी ने किया संवाद....

# जनमन योजना से पहुंची बिजली पीएम ने आदिवासी इलाकों का टटोला मन

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मप्र के शिवपुरी जिले के आदिवासी बहुल ग्राम पडोरा, डेहरवारा एवं गढ़ीबरोद के 57 आदिवासी परिवारों के घरों को बिजली से रोशन करने का उपहार दिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को वर्चुअली संबोधित भी किया। मुख्यमंत्री मोहन यादव भोपाल से वर्चुअली कार्यक्रम से जुड़े।



उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री जनमन योजना में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के ग्वालियर, विदिशा, अशोकनगर, श्योपुर, दतिया, गुना, शिवपुरी, रायसेन एवं भिंड जिलों के 306 गांवों एवं मजराटोलों को ऊर्जीकृत किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट के प्रथम चरण में कुल चार हजार सात आदिवासी परिवारों के घर रोशन होंगे। विदिशा और ग्वालियर जिले के 36 जनजातीय परिवारों के घरों को रोशन कर दिया गया है। वहीं पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अनूपपुर, बालाघाट, छिंदवाड़ा डिंडौरी, मंडला, नरसिंहपुर, शहडोल एवं सीधी जिले में कुल 946 गांवों एवं मजराटोलों को ऊर्जीकृत किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट के प्रथम चरण में कुल छह हजार 995 आदिवासी परिवारों के घर रोशन होंगे। सरकार का मानना है कि इससे आदिवासी बच्चों को पढ़ने-लिखने के साथ ही घरेलू कामकाज और रोजगार के अवसर मिल सकेंगे। पीने के पानी, सड़क, बिजली और मूलभूत सुविधाएं मिलने से उनके रहन-सहन के स्तर में सुधार आएगा। इसके लिए भारत सरकार ने 80 करोड़ 82 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। प्रधानमंत्री जनमन योजना के दूसरे चरण के सर्वे का कार्य चल रहा है।

## मुख्यमंत्री ने उज्जैन में बनाए लड्डू, 4 लाख तैयार

आज सुबह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महाकालेश्वर प्रबंध समिति की चिंतामन स्थित लड्डू प्रसाद निर्माण इकाई पहुँचकर अयोध्या के लिए बन रहे लड्डूओं की निर्माण प्रक्रिया देखी व स्वयं भी लड्डू बनाए, उनकी पैकिंग भी की। उल्लेखनीय है कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर शुभारंभ पर समिति द्वारा 5 लाख लड्डूप्रसाद स्वरूप अयोध्या भेजे जा रहे हैं, इनमें से 4 लाख लड्डू बन चुके हैं तथा शेष एक लाख लड्डूबनाने का कार्य निरंतर जारी है।



## कल चित्रकूट में पथगमन न्यास की पहली बैठक

मध्यप्रदेश में श्रीराम वनवास के समय जिन मार्गो से गुजरे थे, वहां का विकास सरकार कराएगी। इसकी कार्ययोजना से जुड़े सभी विषयों पर विचार कर उसे गति देने के लिए गठित श्रीरामचंद्र पथगमन न्यास की पहली बैठक कल चित्रकूट में मुख्यमंत्री डा यादव की अध्यक्षता में होगी। इसमें संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, मुख्य सचिव वीरा राणा सहित संबंधित विभाग और जिलों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।



## दीवार लेखन में जुटी भाजपा, वीडी ने भोपाल में की शुरूआत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी देशभर में आज से दीवार लेखन अभियान का शुरू किया है। लोकसभा चुनाव की तैयार की तहत राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा ने नई दिल्ली में दीवार लेखन अभियान का शुभारंभ किया। भोपाल में मप्र भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने शिवाजी नगर में पारूल अस्पताल के सामने बूथ 159 में दीवार लेखन किया। इसके साथ ही सभी जिला अध्यक्ष अपने-अपने जिलों में दीवार लेखन अभियान में जुट गये हैं।

पदक विजेताओं के साथ रेल्वे की संवेदनहीनता

# पैरा एथलीट्स ट्रेन में लोअर बर्थ के लिए गिड़गिड़ाते रहे!

नई दिल्ली, एजेंसी।

भारतीय रेलवे में समझ और संवेदनहीनता का सबसे खराब नमूना सामने आया है। इसमें पैरा-एथलीटों को भारतीय रेलवे की तरफ से ट्रेन से यात्रा करते समय ऊपर की बर्थ अलॉट की गई थी। ये एथलीट गोवा में 22वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप से लौट रहे थे। ऐसे में अब विकलांग एथलीट को जो मुश्किल हुई उसका दर्द तो सिर्फ वहीं समझ सकते हैं। इन्होंने जब टीटीई से बात की तो उनकी तरफ से भी कोई मदद नहीं मिली। इसके अलावा रेल अधिकारियों की तरफ से भी कोई जवाब नहीं मिल सका। हाल में गोवा में एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीतने वाली पैरा-एथलीट सुवर्णा राज ने कहा कि कोई राष्ट्रीय एथलीट हो सकता है, देश को गौरवान्वित कर सकता है, लेकिन उनके साथ तीसरे दर्जे के नागरिक जैसा व्यवहार किया जा रहा है। सुवर्णा भी उन एथलीट में शामिल थीं जिन्हें अपर बर्थ अलॉट की गई। उन्होंने बुकिंग के समय अपनी विकलांगता के बारे में बताया था, लेकिन फिर भी उन्हें थ्री-टियर एसी डिब्बे में आरएसी के तहत अपर बर्थ अलॉट की गई। टीटीई ने कहा विशेष सीटें चाहिए थीं तो हमने पहले से टिकट क्यों नहीं बुक किए। क अन्य पैरा-एथलीट, गजेंद्र पाल ने कहा कि विकलांग व्यक्ति के लिए ट्रेन में यात्रा करना एक भयानक अनुभव है। मुझे ऊपर की बर्थ दी गई है। साथी यात्रियों से भीख मांगने के बाद ट्रेन में चढ़ने के दो घंटे बाद, मैंने अपनी सीट दूसरे यात्री से बदल ली। गजेंद्र ने डिस्कस थ्रो में स्वर्ण पदक जीता था।



भस्म आरती



इंदौर में अफगानिस्तान से मैच जीत कर महाकाल पहुंचे भारतीय क्रिकेट टीम ने महाकाल मंदिर पहुंचकर भस्म आरती देखी।

# 20 तक ठंड कम, लेकिन धूप भी होगी कमजोर

**भोपाल दोपहर मेट्रो।** मध्यप्रदेश में इस सप्ताह कड़ाके की ठंड पड़ने का अनुमान नहीं है। ऐसा वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से होगा। यह 16 जनवरी से उत्तर भारत में एक्टिव हो रहा है। अगले 1-2 दिन में सिस्टम का प्रदेश में भी असर होगा। यह असर 20 जनवरी तक रहने के आसार हैं। इससे हल्के बादल छाएंगे, हालांकि बारिश का अनुमान नहीं है अलबत्ता कुछ बूंदाबांदी हो सकती है। मगर सिस्टम गुजरने के बाद प्रदेश में कड़ाके की ठंड का दौर शुरू होगा। फिलहाल, प्रदेश में दिन-रात का तापमान सामान्य से 4-5 डिग्री का अंतर चल रहा है। भोपाल में धूप खिली है वहीं खजुराहो बेहद ठंडा रहा है।



## उड़ाना है तो उड़ा, वरना नीचे उतार, पायलट को जड़ा मुक्का

**नई दिल्ली एजेंसी।** इंडिगो एयरलाइंस की विमान की उड़ान में देरी होने पर एक यात्री ने फ्लाइट के पायलट को मुक्का जड़ दिया। इस घटना की वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है। इस दौरान यात्री ने कहा कि 'चलाना है तो चला वरना नीचे उतार।' बताया जाता है कि दिल्ली गोवा जा रही फ्लाइट में सवार एक यात्री ने विमान के कैप्टन को उस समय मुक्का मार दिया जब वो उड़ान में देरी के संबंध में घोषणा कर रहे थे। वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अब लोग उस यात्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं. उड़ान को लेकर समय से अनाउंसमेंट नहीं होने पर यात्री नाराज था।



मेट्रो एंकर


हिन्दी-उर्दू अवधी में खूब लिखा मुनव्वर राना ने.... आज सुपुर्द ख़ाक

# चलो अब उठ लिया जाए, तमाशा खत्म होता है!

लखनऊ, एजेंसी।

*'बहुत दिन रह लिए दुनिया के सर्कस में तुम ऐ राना, चलो अब उठ लिया जाए कि तमाशा खत्म होता है।'* रिश्तों को अपने अलग अंदाज में पिरोकर शेर रचने वाले मशहूर शायर और मुशायरों की मकबूल आवाज शांत हो गई। सैय्यद मुनव्वर अली मूल नाम वाले राना रायबरेली में पैदा हुए थे और लखनऊ में आ बसे थे। स्वास्थ्य संबंधी कई जटिलताओं से जूझते हुए उन्होंने कल रात 71 बरस की उम्र में दम तोड़ा। अपने आखिरी वक्त में मुनव्वर राना कई किस्म के विवाद में उलझे थे लेकिन वे अपनी बात बेबाकी से रखने में नहीं चूके। राना की शायरी में प्रेम या प्रेमिका का जिक्र कम ही रहा। वे मां पर कई रचनाएं लिखकर बहुत मशहूर हुए। अब लोग उनकी शायरी के जरिये ही उन्हें श्रध्दांजलि दे रहे हैं। अखिलेश यादव ने उनके शेर से याद किया है- *तो अब इस गांव से रिश्ता हमारा खत्म होता है, आखें खोल ली जाएं कि सपना खत्म होता है।*

राना ने 2022 में यूपी में हुए विधानसभा चुनाव से पहले कह दिया था कि योगी आदित्यनाथ अगर दोबारा मुख्यमंत्री बने तो यूपी छोड़ दूंगा, दिल्ली-कोलकाता चला जाऊंगा। मेरे पिता ने पाकिस्तान जाना मंजूर नहीं किया लेकिन बड़े दुख के साथ मुझे यह शहर, यह प्रदेश, अपनी मिट्टी को छोड़ना पड़ेगा। उनके लिये दिल्ली कोलकाता या गुजरात ज्यादा सुरक्षित है। मगर योगी दोबारा जीते और राना भी लखनऊ में बसे रहे। मुनव्वर ने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री के कंधे पर हाथ रखकर ही बुरा कर दिया, जिसकी वजह से उन्होंने उत्तर प्रदेश में भेदभाव फैला दिया। 2021 में मुनव्वर राना ने बेटे तबरेज पर हुई फायरिंग के बाद खुद की जान को खतरा बताते हुए गंभीर सवाल उठाए थे। जबकि साल 2020 में कार्टून विवाद को लेकर फ्रांस में स्कूल टीचर की गला रेतकर हत्या करने की घटना को मुनव्वर ने जायज ठहराया था। मुनव्वर ने तो दो साल पहले के किसान आंदोलन पर ट्विटर पर एक शेर लिख दिया था, जिस पर भारी विवाद हो गया, इस शेर में राना ने संसद को खेत बनाने की बात कही और सेठों के गोदामों को जला देने की। हालांकि, विवाद होने पर उन्होंने इस ट्वीट को डिलीट कर दिया।



## सरकारी पुरस्कारों से परहेज

मुनव्वर राना उर्दू के अलावा हिंदी और अवधी भाषाओं में लिखते थे।उन्होंने कई अलग शैलियों में अपनी गजलें प्रकाशित कीं। उनको उर्दू साहित्य के लिए 2014 का साहित्य अकादमी पुरस्कार और 2012 में शहीद शोध संस्थान द्वारा माटी रतन सम्मान से सम्मानित किया गया था। उन्होंने लगभग एक साल बाद अकादमी पुरस्कार लौटा दिया था, बढ़ती असहिष्णुता के कारण कभी भी सरकारी पुरस्कार स्वीकार नहीं करने की कसम खाई थी। उन्होंने लिखा था- *तुम्हें भी नींद सी आने लगी है, थक गए हैं हम भी, चलो आज ये किस्सा अधूरा छोड़ देते हैं।*

## एक्सप्रेस वे पर दो बसें टकराईं, चालीस यात्री घायल



**नोएडा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर सोमवार की तड़के भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां दो बसें आपस में टकरा गईं। हादसे में 40 लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा राया कट के पास यमुना एक्सप्रेसवे के माइल स्टोन-110 पर तड़के करीब 3 बजे हुआ। यहां दो बसें आमने-सामने टकरा गईं। शोर सुनकर राहगीर रुक गए। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को बसों से बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि कोहरा अधिक होने के कारण दृश्यता लगभग शून्य थी। इसी कारण हादसा हो गया।

### मकरसंक्रांति पर स्नान



भोपाल के शीतल दास की बगिया पर मकर संक्रांति पर लोगों ने स्नान किया।

### पक्षी के रूप में पतंगें



मकर संक्रांति पर भोपाल के कोलार क्षेत्र में कई तरह की पतंगें नजर आईं।

### राजधानी में डेढ़ लाख आवारा कुत्ते

# कुत्तों की बढ़ती आबादी, कहीं अधिकारी अगंभीर कहीं बेबस



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शहर में जिस तरह कुत्तों का आतंक है उससे ज्यादा इनकी संख्या नियंत्रित करने की जिम्मेदारी संभाल रहे अधिकारी बेपरवाह हो चुके हैं। इन्हें आवारा कुत्तों की वजह से पैदा हो रही समस्याओं से कोई लेना देना ही नहीं है। यदि होता तो ये एक के बाद एक सामने आ रही कुत्तों के काटने और उनके हमले से मौत की घटनाओं के बाद सतर्क हो जाते और आवारा कुत्तों को नियंत्रित करने के लिए जमीनी प्रयास करते।

हाल यह है कि भोपाल के सरकारी व निजी अस्पतालों में रोजाना सैंकड़ों केस पहुंच रहे हैं, लेकिन इन अधिकारियों को इन केसों से कोई मतलब ही नहीं है। ये अपनी मदमस्त चाल में चल रहे है। यदा–कदा ही कुत्तों को पकड़ने की खानापूर्ति करते हैं और फिर बैठ जाते हैं। हाल यहां तक बिगड़ गए हैं कि गली–मोहल्ले में कुत्तों की आबादी तेज गति से बढ़ रही है और इनके बीच आपसी विवाद भी उसी तेजी से बढ़ा है। जिसके कारण ये आक्रमक हो रहे हैं और नजदीक से गुजरने वाले आम लोगों को काट रहे हैं। जिसके कारण अस्पतालों में रेबीज के इंजेक्शनों की मांग तक बढ़ गई है। तब भी अधिकारियों को समझ



में नहीं आ रहा है। असल में 10 जनवरी को मिनाल रेसीडेंसी में तीन आवारा कुत्तों ने 6 माह के केशव पर हमला कर दिया। उसे खींचकर काफी दूर ले गए और उसका एक हाथ खा लिया। उस पर इतने हमले किए कि उसकी मौत हो गई। पूरा मामला शुक्रवार को उस समय खुला है जब पुलिस मर्ग कायम करने के लिए तैयार नहीं थी। यहां तक कि केशव का अंतिम संस्कार बिना पोस्टमार्टम के ही कर दिया गया। बाद में उसकी लाश निकालकर पीएम कराया गया इसमें मौत की वजह भी साबित हो गई। केशव के पिता देवेंद्र ने मीडिया को बताया कि उसकी पत्नी रक्षा बाई एक मकान के बाहर झाड़ू लगा रही थी, उसकी दो बेटियां केशव के आसपास ही खेल रही थी, इसी बीच तीन कुत्ते आए और उन्होंने केशव को खींचकर ले गया। कुछ लोगों के देखने के बाद शोर किया तो कुत्ते भागे और केशव को अस्पताल लेकर गए, तब तक उसकी मौत् हो चुकी थी।

### आवारा कुत्तों को बढ़ावा देने वाले बाधा, अफसर बेबस

निगम के अधिकारियों का दावा है कि जब भी कुत्ते पकड़ने के लिए टीम जाती है और धरपकड़ करती है तो उन्हें खाना खिलाने वाले कुछ लोग आड़े आ जाते हैं। वे पशु क्रूरता अधिनियम का हवाला देकर कार्यवाही को गलत ठहराते हैं। कुत्तों को पकड़ने नहीं देते, कहते हैं कि यह तो पशु क्रूरता है। दिल्ली तक शिकायत करते हैं फिर वहां से संबंधित अधिकारियों के पास फोन आता है और कहा–सुनी होती है। ऐसे स्थिति में संबंधित जनप्रतिनिधियों से सहयोग नहीं मिलता। अकेले अधिकारी को जूझना पड़ता है। एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि निगम को छूट मिल जाए और जनप्रतिनिधि साथ दे दें तो आवारा कुत्तों को नियंत्रित करना बड़ी बात नहीं है। इसीलिये कल पहली बार पेटलवर्स पर मामला दर्ज हुआ है।

# भोपाल से उज्जैन के लिए आज भी 6 स्पेशल ट्रेन मिलेंगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के संत हिरदाराम नगर से उज्जैन के बीच सोमवार को भी अप-डाउन में 6 स्पेशल ट्रेन चलेंगी। ये अनारक्षित ट्रेन होंगी। रेलवे ने मकर संक्रांति के अवसर पर उज्जैन आने-जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए इन्हें रविवार से चलाया है।

रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक ट्रेन 09301 उज्जैन-संत हिरदाराम नगर-उज्जैन अनारक्षित स्पेशल 15 जनवरी को उज्जैन से सुबह 08.15 बजे प्रस्थान कर, दोपहर 1.30 बजे संत हिरदाराम नगर स्टेशन पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन 09302 संत हिरदाराम नगर-उज्जैन स्पेशल संत हिरदाराम नगर स्टेशन से दोपहर 1.45 बजे प्रस्थान कर, शाम 5.45 बजे उज्जैन स्टेशन पहुँचेगी। यह मक्सी, शुजालपुर, सिहोर, बकनियां भौंरी स्टेशन पर रुकेगी। इसमें 05 शयनयान, 08 सामान्य एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 15 (अनारक्षित) कोच रहेंगे।

इसी तरह ट्रेन 09303 उज्जैन-संत हिरदाराम नगर स्पेशल ट्रेन 15 जनवरी को उज्जैन से दोपहर 1.20 बजे प्रस्थान कर, शाम 6.00 बजे संत हिरदाराम नगर स्टेशन पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन 09304 संत हिरदाराम नगर-उज्जैन स्पेशल संत हिरदाराम



नगर स्टेशन से शाम 6.15 बजे प्रस्थान कर, रात 10.20 बजे उज्जैन स्टेशन पहुँचेगी। यह भी मक्सी, शुजालपुर, सिहोर, बकनियां भौंरी स्टेशन पर रुकेगी। इसमें 05 शयनयान श्रेणी, 08 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 15 (अनारक्षित) कोच रहेंगे।

वहीं ट्रेन 09305 उज्जैन-संत हिरदाराम नगर स्पेशल 15 जनवरी को उज्जैन से रात 8.10 बजे प्रस्थान कर, रात 11.55 बजे संत हिरदाराम नगर स्टेशन पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन 09306 संत हिरदाराम नगर-उज्जैन स्पेशल 15 व 16 जनवरी को संत हिरदाराम नगर स्टेशन से रात 12.20 बजे प्रस्थान कर, तड़के 04.05 बजे उज्जैन स्टेशन पहुँचेगी। यह दोनों दिशाओं में मक्सी, शुजालपुर, सिहोर, बकनियां भौंरी स्टेशन पर रुकेगी। इसमें 07 सामान्य एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 09 (अनारक्षित) कोच रहेंगे।

### दोनों ट्रेनें रहेंगी निरस्त

- प्रयागराज जंक्शन स्टेशन से चलने वाली ट्रेन 14116 प्रयागराज जंक्शन-डॉ. आंबेडकर नगर एक्सप्रेस को निरस्त किये जाने के कारण 15 जनवरी को ट्रेन 14115 डॉ. आंबेडकर नगर-प्रयागराज जंक्शन एक्सप्रेस रैक के अभाव में निरस्त रहेगी।
- अमृतसर स्टेशन से प्रस्थान कर नांदेड़ को जाने वाली ट्रेन 12716 अमृतसर-नांदेड़ सचखंड एक्सप्रेस अधिक विलंब से चल रही होने के कारण 15 जनवरी को नांदेड़ स्टेशन से चलने वाली ट्रेन 12715 नांदेड़-अमृतसर सचखंड एक्सप्रेस प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

# संतनगर में अक्षत वितरण का आज अंतिम दिन

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संतनगर में अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त आमंत्रण के लिए अक्षत वितरण अभियान चल रहा है। एक जनवरी से शुरू हुए अभियान का समापन 15 जनवरी को होगा।

संत नगर की अक्षत वितरण समिति द्वारा घर-घर जाकर एवं प्रत्येक मंदिर पर आमंत्रण दिया गया है, समापन दिवस से पहले अक्षत वितरण समिति ने राम भक्तों से आग्रह किया है कि यदि किन्ही कारण से कोई घर निमंत्रण के लिए रह गया है तो विश्व हिंदू परिषद, आरएसएस कार्यकर्ताओं से संपर्क कर अपने घर मोहल्ले की सूचना करें, ताकि समिति कार्यकर्ताओं द्वारा पुनः आकर आपके घर जाकर समिति कार्यकर्ता अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण दे सके। समिति ने सभी से 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाने की अपील की है।

### रामध्वजा बांटी

बजरंग सेना समिति अध्यक्ष कमलेश देवानी ने बताया कि समिति कार्यकर्ता ने 22 जनवरी को हर घर में दीप जलाने एवं राम ध्वजा फहराने के लिए भेंट की। स्लम एरिया में रामध्वजा एवं दीप प्रदान किए गए। गुरु गोविंद सिंह जयंती के अवसर पर 17 जनवरी को देशी घी के साथ झुग्गी बस्तियों में दीपदान किया जाएगा। इस अवसर पर बजरंग सेना समिति के अर्चक पुरोहित, राज कुमार गर्ग, राज बिजोरिया, राजेश केवलानी, गुरदास रामचंदानी आदि उपस्थित थे।

# सिंधु सेना ने किया श्री राम मंदिर की पतंग का वितरण

**हिरदाराम नगर।** सिंधु सेना द्वारा ने न्यू मार्केट स्थित टॉप एंड टाउन चौराहे पर भगवान श्री राम के मंदिर की तस्वीर बनी पतंगों का वितरण किया गया । इस अवसर पर सिंधु सेना के अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहा हमारे भारत की संस्कृति ही हमारी पहचान है, आज राम मंदिर का निर्माण हो चुका है, 22 तारिक को शुभारंभ होने जा रहा है, इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने का उत्साह सातवे आसमान पर है, इसी निमित आज हम मकर संक्रांति के पावन पर्व पर श्री राम नाम धारी पतंग उड़ा रहे है एवं वितरित कर संक्रांति पर जो पतंग उड़ाने की संस्कृति है उसे बनाए रखने का आग्रह कर रहे है।



**मेट्रो एंकर**

### भारतीय सिंधु सभा के पारिवारिक आयोजन में आनंद लेने पहुंचे कई परिवार

# मनुआभान की टेकरी पर लगा सांस्कृति मेला

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

मकर संक्राति के पर्व पर जहां लोगों ने एक दूसरे को खूब बधाई दी,वहीं भारतीय सिंधु सभा और सिंधी मेले द्वारा इस दिन को भव्य उत्सव की तरह मनाया। मनुआभान की टेकरी पर समाज के लोग इख्टा होकर पारिवारिक पिकनिंक मनाने पहुंचे,और व्यजनों का भी खूब आनंद लिया। रविवार को सामाजिक संस्थाओं का यह सातवा वर्ष था। हर वर्ष इसी दिन संस्था द्वारा पतंग उत्सव की तरह मनाती है। यहां कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में विधायक दक्षिण पश्चिम एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी मौजूद रहे। सबनानी ने पर्व की सभी को बधाई दी और आगे भी इसी तरह इस पर्व को पारिवारिक माहौल में मनाने की बात कहीं। सबनानी ने सभी से 22 जनवरी को अपने अपने घर पर एक दीपक जलाने और उत्सव की तरह मनाने की अपील भी की,क्यों की इस दिन भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा आयोध्या में होने वाली है।



### हर वर्ग में रहा उत्साह

इसी दिन का इंतजार सिंधी समाज के लोगों को बेसब्री से रहता है। इस दिन सभी लोग पुराने खेल कूद,प्रतियोगिताओं का आनंद लेते है। साथी ही एक दूसरे को सिंधी व्यंजनों का भी खुब लुत्फ लेते है। यह सभी व्यंजन अपने अपने घरों से परिवार के लोग लेकर आते है। संस्था के उपाध्यक्ष हरीश मेघानी ने बताया कि इसी दिन युवाओ को पतंग उडाने का बडा उत्साह रहता है। इसे देखते हुए मनुआभान टेकरी पर आने वाले सभी समाज के लिए पतंग, मांझा, खाने के लिए फुड स्टाल एवं नाचने गाने के लिए आर्केस्ट्रा एवं डी.जे. की भी व्यवस्था की गई थी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में परिवार के लिए कई सारे गेम्स जैसे तम्बोला, चेयररेस साथ ही ढेर सारे इनाम भी रखे गये। इसके साथ ही प्रतिभागियो को पुरस्कृत करने का निर्णय भी समिति द्वारा लिया गया है। पारिवारिक माहौल में हुए कार्यक्रम का आनंद लेने के लिए संस्था के अध्यक्ष श्री चांदवानी एवं महासचिव राम आसुदानी,सिन्धी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी,नरेश तलरेजा,ठाकुर पंजवानी, अशोक गोलानी, आदि मौजूद रहे।

## संक्रांति पर 35 परिवारों को गजक भेंट की

**हिरदाराम नगर.** श्री गुरुकृपा सेवा समिति ने मकर संक्रांति पर 35 परिवारों को तिल गजक के पैकेटों बांटे। संक्रांति की बधाई दी। मिति के अध्यक्ष महेश गुरबानी ने कहा कि संक्रांति के दिन तीर्थ स्थलों पर स्नान एवं दान के रुप में तिल दान का महत्व है। साहित्यकार राकेश शेवानी ने कहा कि समिति द्वारा निरंतर किसी न किसी रूप में इस प्रकार के सेवा कार्य नियमित किए जाते हैं।

कार्यक्रम में भावना उदासी, मुकेश उदासी, साहित्यकार राकेश शेवानी, मुकेश आहुजा, शम्मी गंगवानी, रवि आसुदानी, नीरज पेसवानी, उपस्थित थे। संचालन सुमित पंजवानी ने तथा आभार भावना उदासी ने व्यक्त किया।

### चुनाव के पहले फिर होंगे बड़े पैमाने पर शिलान्यास व लोकार्पण

# लोकसभा चुनाव के पहले विधायकों को 15 व सांसदों को 50 करोड़ देने की तैयारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

तीन महीने बाद संभवतः अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले सांसद और विधायकों अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य का शिलान्यास और भूमिपूजन करने वाले हैं। इसके लिए सांसदों को 50 करोड़ और विधायकों को 15 करोड़ रुपये तक के प्रस्ताव देने के लिए कहा है। इसके लिए 12 या 13 फरवरी को विधानसभा में प्रस्तुत होने वाले वर्ष 2024-25 के लेखानुदान में प्रावधान भी किया जाएगा।



बताया जाता है कि हाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे प्रस्तावों को आगामी वित्तीय वर्ष की कार्य योजना में प्राथमिकता के आधार पर सम्मिलित करें। विधानसभा चुनाव की आचार संहिता प्रभावी होने से पहले ही अधिकतर सांसद और विधायक अपनी निर्वाचन क्षेत्र विकास निधि का उपयोग कर चुके हैं। चुनाव के दौरान प्रत्याशियों ने कई वादे भी किए हैं। चूंकि विधायक निधि तो नए वित्तीय वर्ष में मिलेगी पर इसके पहले लोकसभा चुनाव होंगे। लिहाजा भाजपा की यादव सरकार ने सांसद और विधायकों से निर्वाचन क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव मांगे हैं ताकि आचार संहिता लागू होने के पहले भूमिपूजन कार्यक्रम हो सकें। अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि सांसदों से 50 करोड़ और विधायकों से 15 करोड़ रुपये तक के कामों के प्रस्ताव देने के लिए कहा गया है। इसमें सड़क, पुल-पुलिया, सामुदायिक भवन सहित अन्य निर्माण कार्यों के प्रस्ताव प्राथमिकता से लिए जाएंगे। दरअसल, सरकार का जोर पूंजीगत व्यय बढ़ाने पर है। इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं।

## कांग्रेस बांटेगी पोस्टकार्ड, रोजगार दो कार्यक्रम चलेगा



लोकसभा चुनाव की तैयारी कांग्रेस में भी नजर आने लगी है। भाजपा का मोर्चा संगठन भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश में 460 स्थानों पर नवमतदाता सम्मेलन आयोजित करने जा रहा है तो युवा कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में इसी माह से 'न्याय दो, रोजगार दो' अभियान शुरू करने की रूपरेखा बना ली है। इसमें युवा कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर पोस्टकार्ड बांटेंगे। इसके माध्यम से वह लोगों से संपर्क कर बेरोजगारी के मुद्दे को उठाएंगे। अभियान में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेश में अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचकर केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दों पर लोगों से बात करेंगे। यह सभी विषय पोस्टकार्ड में भी उल्लेखित रहेंगे। इसके लिए हर जिले में अलग से टीम बनाई जाएगी, जिसमें जिले कांग्रेस कमेटी के प्रमुख पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

# इस साल की पहली भर्ती परीक्षा 28 जनवरी को

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र लोक सेवा आयोग (एमपी पीएससी) नए साल की पहली भर्ती परीक्षा 28 जनवरी को आयोजित करेगा। उच्च शिक्षा विभाग के सरकारी कॉलेजों में खाली 2 हजार से अधिक पदों के लिए होने वाली असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती परीक्षा में 60 हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। यह परीक्षा तीन चरणों में आयोजित की जाएगी। सिलेक्शन के लिए लिखित परीक्षा के दौरान इस विषय में हर एक पोस्ट के लिए फिलहाल 65 उम्मीदवारों के बीच प्रतिस्पर्धा होगी। इस भर्ती में सबसे ज्यादा 200 पद इंग्लिश में है। इसके लिए एमपीपीएससी को 2 हजार से अधिक आवेदन मिले हैं। यानी, एक पद पर सिर्फ 10 से 12 उम्मीदवारों के बीच ही प्रतियोगिता होगी।

लॉ एक मात्र ऐसा विषय है, जिसमें विज्ञापित पदों के बराबर आवेदन नहीं मिले हैं। इसमें 29 पद के लिए 25 आवेदन आए हैं। इसका एक कारण यह भी है कि सभी पद एसटी कैटेगरी के हैं। संस्कृत ग्रामर में सबसे कम एक आवेदन मिला है। इसमें पद भी एक ही है। बता दें सबसे ज्यादा 8 हजार से अधिक उम्मीदवारों ने हिंदी के असिस्टेंट प्रोफेसर बनने के लिए आवेदन किए हैं।

# 22 तक जुड़ेंगे वोटर लिस्ट में नाम चुनाव के लिए नई वोटर लिस्ट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भारत निर्वाचन आयोग ने नई वोटर लिस्ट का काम शुरु कर दिया है। जिसके लिए 8 फरवरी को वोटर लिस्ट का फाइनल प्रकाशन होगा। 22 जनवरी तक जिले के 2049 मतदान केंद्रों पर नए नाम जोड़ने, काटने, नाम, पते में बदलाव सहित वोटर लिस्ट से जुड़े काम शुरू कर दिए हैं। जिनकी उम्र 1 जनवरी 2024 को 18 साल पूरी हो रही है, वह लिस्ट में नाम जुड़वा सकेंगे।

### दसवीं-बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर माशिमं ने तैयारियां की तेज

# नकल पर लगाम लगाने 150 से ज्यादा उड़नदस्ते होंगे तैनात, हर टीम में तीन से चार सदस्य

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में फरवरी के पहले सप्ताह से शुरू होने वाली कक्षा दसवीं-बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने तैयारियां तेज कर दी हैं। माशिमं नकल प्रकरण और इंटरनेट मीडिया पर प्रश्नपत्र प्रसारित होने से बचाने के लिए कई एहतियात बरत रहा है। इस बार परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए 150 से ज्यादा उड़नदस्तों की टीम बनेगी। इस टीम में तीन से चार सदस्य होंगे। यह टीम माशिमं के अलावा जिला शिक्षा अधिकारी (डीइओ) और स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बनाए जाएंगे। इस बार केंद्राध्यक्षों व सहायक केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति जिले स्तर पर करने के साथ ही हर केंद्र पर कलेक्टर प्रतिनिधि की तैनाती की जाएगी। सभी के नाम और सूची मंडल को 15 जनवरी तक भेजने के निर्देश दिए गए हैं।



### चार सेट में प्रश्नपत्र होगा

बताया जा रहा है कि इस परीक्षा में चार सेट में प्रश्न पत्र होगा और इसका वितरण रैंडम पद्धति के अनुसार होगा। ये चारों सेट इस तरह से तैयार किए जाएंगे कि एक विद्यार्थी के आगे-पीछे और अगल-बगल बैठने वाले विद्यार्थियों को अलग-अलग सेट के प्रश्न पत्र मिलेंगे।

### 30 जनवरी तक जिला शिक्षा अधिकारी को दस्तावेज पहुंचाने होंगे

# महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान: संस्कृत शिक्षण संस्थानों की सम्बद्धता के आवेदन की आज अंतिम तिथि

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान द्वारा सम्बद्धता प्रक्रिया जारी है। संस्कृत शिक्षण संस्थान सत्र 2024-25 के लिए महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान म.प्र. से अपनी नवीन सम्बद्धता प्राप्त करने अथवा सम्बद्धता नवीनीकरण के लिए एम.पी.ऑनलाइन के माध्यम से 15 जनवरी 2024 तक आवेदन कर सकेंगे। प्रदेश के शासकीय, आदर्श संस्कृत विद्यालय, अशासकीय संस्कृत विद्यालय, शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, परम्परागत सामान्य संस्कृत विद्यालय एवं प्राच्य आवासीय संस्कृत विद्यालय (छात्रावास युक्त) संस्कृत विद्यालयों को वर्तमान में प्रचलित पाठ्यक्रम के आधार पर, संस्थान से सम्बद्धता के लिए एमपी ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन करना होगा। ऑनलाइन आवेदन करने के बाद समस्त सहपत्रों सहित आवेदन (केवल नवीन संबद्धता हेतु) की हार्डकॉपी संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में 30 जनवरी 2024 तक जमा करानी होगी। वहीं नवीन सम्बद्धता प्राप्त करने अथवा सम्बद्धता नवीनीकरण के लिए आवेदन की हार्ड कापी समस्त सहपत्रों सहित महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान में 15 फरवरी 2024 तक जमा करानी होगी।



### निरीक्षण कर रिपोर्ट 30 फरवरी तक देनी होगी

संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा संस्थाओं द्वारा देय आवेदन के आधार पर विद्यालयों का निरीक्षण कर निरीक्षण प्रतिवेदन एवं विभागीय अनुमति अनुशंसा (केवल नवीन सम्बद्धता हेतु) एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल पर 30 फरवरी 2024 तक दर्ज करना होगी।



सुविचार

''कौन कहता है ईश्वर नजर नही आता,
सिर्फ वही तो नजर आता है जब कोई नजर नही आता।''
– अज्ञात


I ikndh;


## आदतों से बदलती सूरतें

हाल में राष्ट्रपति ने देश के स्वच्छ शहरों को पुरस्कृत किया है। उन्होंने कहा है कि अब देश स्चच्छता से संपन्नता की ओर बढ़ रहा है। हमारे पौराणिक संदर्भों में भी माना जाता है कि स्वच्छता से लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं। राष्ट्रपति द्वारा कही बातों में यदि हम बाजार और अर्थव्यवस्था पर नजर डालें तो लगता भी है कि आर्धिक हालात बेहतर हो रहे हैं। यह भी संयोग है कि देश के कई शहरों में सफाई जा जज्बा बढा है। मगर कोरोना के कालखंड के बाद यह भावना और व्यापक हुई है। बहरहाल, ताजा स्वच्छता सर्वे में इंदौर ने सातवीं दफा अपना ताज बरकरार रखा, हालांकि इस बार कभी प्लेग से जूझने वाला सूरत भी सफाई के मामले में इंदौर के साथ खड़ा नजर आया। निश्चित रूप से सफलता के शिखर पर पहुंच जाना महत्वपूर्ण होता है, लेकिन शिखर पर सात साल तक टिके रखना बड़ी बात होती है। यह सफलता सिर्फ प्रशासन व स्थानीय निकाय की ही कोशिशों से संभव नहीं थी, जब तक कि इसमें जनभागीदारी सुनिश्चित न होती। इंदौर ने घर-घर से कचरा उठाने, अगलनीय कचरे को अलग करने व कचरे का पुनर्चक्रण करने जैसे कई चरणों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। कभी सिटी ब्यूटीफुल के उपनाम से पहचान बनाने वाले चंडीगढ़ का स्वच्छता सर्वे में सर्वश्रेष्ठ सफाई मित्र बनना संतोष की बात है। लेकिन हरियाणा, पंजाब व खुद केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ की राजधानी होने तथा देश के पहले नियोजित शहर होने के नाते इस शहर को स्वच्छता के शीर्ष मानकों में खरा उतरना चाहिए था। वहीं कभी प्लेग की महामारी के कारण दुनियाभर में सुर्खियों में आने वाले सूरत का स्वच्छता के मानकों पर खरा उतरना निश्चित ही चौंकाने वाला है। महामारी के बाद इस शहर में सफाई के प्रयास युद्धस्तर पर किये। पिछले तीन दशक में लगातार स्वच्छता के प्रयासों का नतीजा है कि सूरत का कायाकल्प हुआ है। राज्य के रूप में महाराष्ट्र ने बाजी मारी है। वहीं गंगा किनारे बसे शहरों में वाराणसी अव्वल रहा है। मगर उत्तर प्रदेश व बिहार के किसी भी शहर का देश के दस स्वच्छ शहरों की सूची में स्थान न बना पाना नीति-नियंताओं को आत्ममंथन का मौका देता है। बिहार को भी सोचना चाहिए कि क्यों उसकी राजधानी पटना का स्थान ढाई सौ शहरों से ऊपर है। इन राज्यों को स्वच्छता को लेकर युद्ध स्तर पर काम करने की जरूरत है। केंद्रीय शहरी विकास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने पिछले लगभग एक दशक से स्वच्छता रैंकिंग जारी करके देश में सफाई के प्रति एक स्वस्थ प्रतियोगिता शुरू की है। इससे सभी राज्यों को सफाई के लिये प्रेरणा मिली है।लालकिले की प्राचीर से प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छ भारत मिशन की घोषणा किये दस साल हो गए हैं। अपेक्षित लक्ष्य पाने के लिये अतिरेक प्रयास करने की जरूरत है। यह भी समझने की जरूरत है कि गंदगी से ही तमाम बीमारियों को पैदा करने वाले जीवाणु-विषाणु पनपते हैं। हम स्वच्छता को प्राथमिकता देकर बीमारियों पर होने वाले खर्च को भी बचा सकते हैं। इंदौर जैसी प्रशासनिक व जनता की भागीदारी अन्य शहरों व राज्यों में होना चाहिये। अक्सर लोग घर साफ रखते हैं लेकिन सार्वजनिक स्थलों पर सफाई को लेकर गंभीर नहीं होते। क्यों हम घर से निकलने वाले कचरे का वर्गीकरण सूखे, गीले और अगलनीय कचरे के रूप में नहीं करते। निश्चित रूप से दिल्ली में आबादी के भारी दबाव का स्वच्छता पर असर पड़ता है। लेकिन फिर भी राष्ट्रीय राजधानी में दिखने वाले कचरे के वास्तविक पहाड़ देश को शर्मसार करते हैं। जिस पर राजनीति तो होती है, लेकिन सारे दल मिलकर इसे हटाने का प्रयास नहीं करते।

# कांग्रेस द्वारा 'मंदिर-मस्जिद' की राजनीति पर वर्चस्व का प्रयास

आलोक मेहता





इ अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर कांग्रेस के विरोध का असली कारण यह है कि वह मंदिर मस्जिद की राजनीति पर अपना वर्चस्व चाहती रही है। वह प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर मंदिर के नाम पर राजनीति के आरोप लगा रही है , जबकि कांग्रेस के नेता ही 1986 से अयोध्या को लेकर विभिन्न मंचों , संगठनों , सरकारों का उपयोग करती रही हैं । हम जैसे पत्रकार ही नहीं दस्तावेजों से इस बात की पुष्टि हो सकती है कि राजीव गाँधी , वी पी सिंह , चंद्रशेखर , नरसिंह राव सहित प्रधान मंत्रियों और अन्य कांग्रेसी नेताओं ने मंदिर मस्जिद के मुद्दों को उलझाने के लिए हर संभव तरीके अपनाए । हिन्दू मुस्लिम संगठनों के नेताओं से सौदेबाजी , धर्म गुरुओं , प्रभावशाली अधिकारियों , नामी पत्रकारों , सत्ता से जुड़े विवादस्पद तांत्रिक चंद्रास्वामी तक का उपयोग किया और चुनावों में इसका लाभ उठाने में कोई परहेज नहीं किया । सबसे दिलचस्प बात यह है कि इस समय कांग्रेस जिस इंडिया गठबंधन के नेतृत्व जैसी भूमिका निभाने की कोशिश कर रही है , उस गठबंधन के एक सहयोगी उद्धव ठाकरे और संजय राउत की शिव सेना को 1992 से 2020 तक अयोध्या में विवादास्पद ढांचा ( बाबरी मस्जिद ) गिराने का उत्तरदायी मानती रही। हाँ संजय राउत भी इसे गौरव के साथ सी बी आई की चार्ज शीट का दावा करते रहे हैं । दूसरे सहयोगी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता शरद पवार पर 1993 के मुंबई दंगों के लिए जिम्मेदार माना जाता रहा है ।

राहुल गांधी और उनके करीबी साथी सलाहकार संभवतः पुराने कांग्रेसी नेताओं से राय नहीं लेते अथवा उनकी बात सुनना समझना नहीं चाहते । इसी कारण उन्होंने कांग्रेस की ओर से राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को ठुकरा दिया । इसीलिए पार्टी के कई प्रादेशिक नेताओं ने निर्णय पर असहमति सार्वजनिक रूप से व्यक्त कर दी । पुराने नेताओं को ध्यान है कि अरुण नेहरु की सलाह पर राजीव गाँधी ने 1986 में पहले मंदिर के दरवाजे खुलवाए , ताकि हिन्दू मतदाताओं का समर्थन मिले । फिर नरसिंह राव पार्टी अध्यक्ष और प्रधान मंत्री रहते हुए विवादास्पद ढांचे को गिरने देकर मंदिर की राजनीति अपने हाथ में लेने की कोशिश करते रहे । किस तरह उनके सहयोगी बिहार झारखंड के नेता सुबोधकांत सहाय और चंद्रास्वामी , नरेश चंद्र ( अफसर सलाहकार ) 1993 में मंदिर मस्जिद का निर्माण करने के लिए राजनैतिक प्रशासनिक प्रयास कर रहे थे । सही मायने में प्रधान मंत्री कार्यालय से ही जोड़ तोड़ चल रही थी , ताकि विधान सभा लोक सभा चुनावों में कांग्रेस को लाभ मिल सके । कई बड़े साधु संत चंद्रास्वामी को संत मानने को तैयार नहीं थे । मंत्री पद पर रहते हुए सुबोधकांत सहाय ने जून 1993 में अयोध्या में सोम यज्ञ करवाया । फिर ट्रस्ट बनाने , मामला अदालत में जाने का सिलसिला चलता रहा । बाद में मनमोहन सिंह के राज में कपिल सिब्बल जैसे नेता तो अदालत में भी मंदिर निर्माण रुकवाने का प्रयास करते रहे । मतलब कांग्रेस मंदिर मस्जिद की राजनीति से स्वयं सर्वाधिक लाभ चाहती रही । अब भाजपा को मंदिर निर्माण का श्रेय मिलने से राहुल नेतृत्व के नेता हर कदम पर मंदिर के कार्यक्रमों का विरोध करना चाहते हैं ।

कांग्रेस के नेता मंदिर के मुद्दे को साम्प्रदायिक रंग देने के लिए भाजपा के साथ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की भूमिका पर भी सवाल उठा रहे हैं । जबकि कांग्रेस के नेता सरकारें समय समय पर संघ के नेताओं का सहयोग लेकर या गिरफ्तारियों का दबाव बनाते रहे हैं । दस्तावेजों से भी यह बात प्रमाणित होती है कि महात्मा गाँधी , सरदार पटेल ही नहीं डॉक्टर ज़ाकिर हुसैन , इंदिरा गाँधी , नरसिंह राव , जयप्रकाश नारायण जैसे शीर्ष नेताओं ने समय समय पर संघ से सहयोग लिया । आपात काल में जरुर श्रीमती गाँधी ने संघ पर प्रतिबन्ध लगाया , लेकिन भारत चीन या पाकिस्तान से युद्ध के दौरान संघ के स्वयंसेवकों के सहायता कार्यों की सार्वजनिक सराहना की । राजीव राज में अरुण नेहरु और नारायणदत्त तिवारी और नरसिंह राव लगातार मंदिर मुद्दे पर संघ नेताओं के साथ वार्ताएं करते रहे । मुस्लिम समुदाय को लेकर डॉक्टर ज़ाकिर हुसैन द्वारा 20 नवम्बर 1949 को मुंगेर - बिहार की सभा में कही गई बात का उल्लेख किया जा सकता है । डॉक्टर ज़ाकिर हुसैन ने कहा था - ये आरोप पूर्णतः निराधार है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ मुसलमानों के प्रति हिंसा और घृणा का भाव रखता है । मुसलमानों को संघ से आपसी प्रेम भाईचारे और संगठन का पाठ सीखना चाहिए । यह उद्धरण हमने इसलिए दिया , क्योंकि कुछ राजनीतिक या अन्य संगठनों के नेता प्रवक्ता गुरु गोलवलकर के सरसंघचालक के समय की याद दिलाकर संघ पर आरोप लगाते हैं । वैसे भी संघ और भाजपा ने समय के साथ अपने को बदला है ।

अब तो प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी अपनी जन लाभार्थी योजनाओं का लाभ हर धर्म , जाति , वर्ग को देने के साथ तलाक के पुराने कानूनों को ख़त्म कर महिलाओं को समान अधिकार देने , हज यात्रियों की सुविधाएं बढ़ाने के लिए सऊदी अरब से समझौते जैसे कदम उठा रहे हैं । वहीं अरब देशों , संयुक्त अरब अमीरात , ईरान , ओमान सहित इस्लामिक देशों अथवा अमेरिका , यूरोप , रुस के साथ आर्थिक सामरिक समझौते कर रहे हैं । कम्युनिस्ट पार्टियों को कांग्रेस के सत्ता काल या बाद में भी रुस का सबसे अधिक सहयोग समर्थन मिलता रहा । अब उन देशों के प्रमुख और सरकारें मोदी सरकार की प्रशंसा करते नहीं थक रही हैं । ऐसे दौर में कांग्रेस या उसके सहयोगी लालू यादव , शरद पवार की पार्टियां या कम्युनिस्ट पार्टियां क्या मंदिर मस्जिद मुद्दे पर मोदी सरकार और भाजपा के विरोध से कोई चुनावी लाभ उठा सकेंगी ?

## निशाना

### है साधा निशाना !



– कृष्णेन्द्र राय

पार्टी पर अपनी ही ।
है साधा निशाना ।।
चाह रहे हैं लगता ।
नया कुछ बताना ।।
हो रहे गुमराह ।
बस केवल विरोध ।।
बेवजह बेमतलब ।
हैं खुद ही अवरोध ।।
देखते ये कितना ।
आता ज्ञान काम ।।
है भरी बस नफ़रत ।
लेकर एक नाम ।।
हो कैसे सुधार ।
इस पर नहीं विचार ।।
सोचते बस केवल ।
बन जाए सरकार ।।

## आज का इतिहास

- **2016** - पश्चिमी अफ्रीकी देश बुर्किना फासो में ऑगाडोगू के होटल में आतंकवादी हमले में 28 लोगों की मौत तथा 56 लोग घायल।
- **2013** - सीरिया की अलेप्पो यूनिवर्सिटी में रॉकेट हमले में 83 लोगों की मौत तथा 150 लोग घायल।
- **2010** - तीन घंटे से भी अधिक की अवधि वाला शताब्दी का सबसे लंबा सूर्य ग्रहण लगा। भारत में यह 11 बजकर 06 मिनट पर शुरू होकर 3 बजकर पाँच मिनट पर खत्म हुआ। दोपहर 1.15 पर सूर्य ग्रहण अपने चरम पर था. यह वलयाकार सूर्य ग्रहण था। इसके कारण ऊपरी वातावरण पर तथा पृथ्वी के वातावरण पर पड़ने वाले प्रभावों के अध्ययन के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने छह रॉकेटों का प्रक्षेपण किया।
- **2009** - दादा साहेब फाल्के पुरस्कार विजेता व प्रसिद्ध फ़िल्म निर्माता तपन सिन्हा का निधन। फ़िल्म स्लमडॉग मिलेनियर को बाफ्टा पुरस्कार की श्रेणियों में स्थान मिला।
- **2008** - सरकारी क्षेत्र की कंपनी गैस अथोरिटी ऑफ़ इण्डिया लिमिटेड (गेल) के बोर्ड ने महाराष्ट्र के दाभोल से बंगलुरु तक गैस पाइप लाइन बिछाने के प्रोजेक्ट को मंज़ूरी दी। उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री मायावती ने गंगा क्सप्रेस वे परियोजना का शिलान्यास किया।
- **प्रधानमंत्री** मनमोहन सिंह की चीन यात्रा के दौरान भारत-चीन सीमा विवाद पर बातचीत की गई। खगोलविदों ने धरती से 25 करोड़ प्रकाश वर्ष दूर की आकाश गंगा के जीवन के लिये जरूरी तत्व खोजने का दावा किया।
- **2007** - सद्दाम के सौतेले भाई एवं इराकी अदालत के पूर्व प्रमुख फांसी पर चढ़ाये गये।
- **2006** - ब्रिटिश हाईकोर्ट ने क्वात्रोच्चि के दो बैंक खातों पर से प्रतिबंध हटाने का आदेश दिया।
- **1998** - ढाका में त्रिदेशीय भारत, बांग्लादेश तथा पाकिस्तान का शिखर सम्मेलन प्रारम्भ।

# नये भारत की पुलिस में बड़े बदलाव जरूरी

ललित गर्ग

पुलिस की भक्षक छवि आजादी के अमृतकाल की सबसे बड़ी विडम्बना एवं त्रासदी है, पुलिस की रक्षक छवि कैसे स्थापित हो, वे खलनायक नहीं, नायक बने, आज के इस सबसे बड़े राष्ट्रीय प्रश्न पर जयपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पुलिस के बड़े अधिकारियों के बीच नसीहत देने की जरूरत पड़ी। मोदी ने देश भर के पुलिस मुखियाओं को सीख दी कि पुलिस जनता को बताए कि उसकी शिकायतों पर क्या कार्रवाई हुई। मतलब साफ है कि अभी शायद पुलिस इस काम को पूरी तरह से अंजाम नहीं दे पा रही है। बड़ा सवाल है कि आज़ाद होने के बाद जब हम एक धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र बनाने चले, तब हमने अपनी सबसे महत्वपूर्ण संस्था पुलिस में आमूल-चूल परिवर्तन की बात क्यों नहीं सोची? भारतीय पुलिस आज हमें जिस स्वरूप में दिखती है, उसकी नींव 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की समाप्ति के बाद पड़ी थी और इसके पीछे तत्कालीन शासकों की एकमात्र मंशा औपनिवेशिक शासन को दीर्घजीवी बनाना था और उसमें वे काफी हद तक सफल भी हुए। 1860 के दशक में बने पुलिस ऐक्ट, आईपीसी, सीआरपीसी या एविडेंस एक्ट जैसे कानूनों के खंभों पर टिका यह तंत्र ना तो कभी जनता का मित्र बन सका, ना ही जनता के रक्षक की भूमिका को निष्पक्षता से निभा सका और ना ही उसकी ऐसी कोई मंशा थी। आजादी के बावजूद आज भी हम विदेशी दासता का दंश ही झेल रहे हैं और उसमें सबसे बड़ी भूमिका पुलिस की ही है। आजाद भारत की बड़ी असफलता है कि पुलिस कानून-कायदों की धज्जियां उड़ाने वाला, भ्रष्ट और जनता के शत्रु संगठन के रूप में ही काम कर रहा है, तभी आम जनता पुलिस नाम से ही थर-थर कांपती है। जरूरत है वर्तमान थानों को अब जन-रक्षक केन्द्र के रूप में विकसित करते हुए पुलिस की नयी कार्यप्रणाली, भूमिका, छवि एवं दायित्वों को निर्धारित किया जाये। पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के 58वें अखिल भारतीय इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री की इस सीख से यह जाहिर होता है कि आजादी के 77 साल बाद भी पुलिस जनता की दोस्त एवं रक्षक के रूप में काम नहीं कर रही। इसके लिए पुलिस को ही जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। प्रधानमंत्री की पुलिस अफसरों को दी गई नसीहत ने कई विचारणीय सवाल भी खड़े किए हैं। पहले भी पुलिस सुधारों को लेकर काफी विचार-विमर्श व सरकारी स्तर पर फैसले हुए हैं। मोदी ने कहा कि तीनों नए आपराधिक न्याय कानूनों को 'नागरिक प्रथम, गरिमा प्रथम, न्याय प्रथम' की भावना से बनाया गया है और पुलिस को अब डंडे के बजाय डाटा के साथ काम करना होगा। सवाल यह है कि इसके बावजूद क्या पुलिस अपनी कसौटी पर खरी उतर सकेगी?





अहम सवाल यह भी कि क्या पुलिस को बिना राजनीतिक एवं शासन के दबाव के स्वतंत्र तरीके से काम करने के अवसर मिल सकेंगे? अगर इस सवाल का जवाब हां है तो हमें इसके कारण एवं मार्ग भी तलाशने होंगे। यह जगजाहिर है कि पुलिस को कई बार राजनीतिक दबाव में काम करना पड़ता है। पुलिस की कार्यप्रणाली बहुत जटिल है और पुलिस बल अपेक्षा से काफी कम है। बड़ा संकट यही है कि आबादी के अनुपात में जितने पुलिसकर्मी होने चाहिए, उतने आज भी नहीं हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, देश में प्रति एक लाख जनसंख्या पर 196 पुलिसकर्मी होने चाहिए जबकि वर्तमान में यह आंकड़ा 152 ही है। अनेक राज्यों में तो यह अनुपात 130 के भी नीचे है। पुलिस अफसरों की नियुक्ति में सिफारिशें एवं भ्रष्टाचार किस स्तर का होता हैं, यह भी किसी से छिपा नहीं है। विडम्बना यह है कि एक तरफ पुलिसकर्मियों की कमी है तो दूसरी तरफ मंत्री और विधायकों से लेकर पार्टी पदाधिकारी भी अपनी सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती चाहते हैं, फिर जनता की सुरक्षा-ढाल कौन और कैसे बनेगा?

नये भारत, सशक्त भारत की बुनियादी जरूरत है वर्तमान पुलिस व्यवस्था को भारतीय मूल्यों एवं अपेक्षाओं के अनुरूप गठित करने की। क्योंकि आज की पुलिस व्यवस्था मूलतः ब्रिटिश पद्धति पर आधारित है, यह व्यवस्था लगभग 160 वर्ष से भी पुरानी है, जो रक्षक नहीं बल्कि भक्षक बनी हुई है। किसी पर भरोसा कर रक्षा के लिए छोड़ दे और वही आपका नुकसान कर दे तो उसे भक्षक कहते है। आज भी हमारे राजनेता एवं राजनीति विदेशी मानसिकता एवं दासता से ग्रस्त है। इसलिए तो हमारे शासकों एवं राजनेताओं को आज भी ऐसी पुलिस भाती है, जो उनके इशारों पर विरोधियों के हाथ-पैर तोड़ दे, उनके खिलाफ झूठे केस दर्ज कर दें या उनके समर्थकों के कानून तोड़ने पर अपनी आंखें मूंद ले? आज भी चुनाव जिताने के लिए पुलिस उनके पास सबसे कारगर औजार है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आज भी भारत में जितने भी साम्प्रदायिक दंगे हुए उनमें पुलिस की भूमिका बेहद संदेहास्पद एवं खतरनाक स्थिति में थी। पुलिस का कार्य निष्पक्ष रह कर अपने कार्यों को अंजाम देना है ना कि उसी में शामिल हो जाना। राजनीतिक दबाव के कारण पुलिस अपने कार्यों को निष्पादित नहीं कर पाती है और राजनीतिक कारणों से न्याय व्यवस्था प्रभावित होती है। सरकार को चाहिए कि पुलिस को पूरी तरह से राजनीतिक दबाव से मुक्त करे और अपना कार्य ईमानदारी पूर्वक करने दे। जनता की सुरक्षा के लिए आपको यह ज़िम्मेदारी दी गई है ना कि उसी का शोषण करने के लिए। पुलिस के काम करने का तरीका आज भी अंग्रेज़ों के ज़माने का है, जिसे सभी सिविल नागरिक अपराधी ही नज़र आता है। सरकार को देखना है कि पुलिस को मोरल पुलिसिंग की प्रेरणा एवं दायित्व मिले और उसके लिये नागरिक की सुरक्षा ही सबसे सर्वोपरि हो। पुलिस को अपने केस के अनुसंधान के लिए नए और आधुनिक तकनीक का प्रयोग करना चाहिए ना कि पुराने समय के अवधारणा को लेकर अनुसंधान।

निश्चित ही मोदी सरकार ने अमृत काल में प्रवेश करते हुए दो महत्वपूर्ण विकासों पर जोर दिया, नई शिक्षा नीति का निर्माण और ब्रिटिश युग के कानूनों की जगह नये कानून बनाना। यही कारण है तीनों नए आपराधिक कानून सजा के बजाय न्याय प्रदान करने पर केंद्रित हैं और इन कानूनों के कार्यान्वयन से हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली सबसे आधुनिक और वैज्ञानिक हो जाने की संभावना को बल मिला है। जरूरत है इन कानूनों के निष्पक्ष क्रियान्वयन की। जरूरत है कि इन नये कानूनों के अनुरूप पुलिस के प्रशिक्षण की समुचित व्यवस्था हो। सरकार की दिशा एवं संकल्प स्पष्ट है तभी देश में आतंकवाद, उग्रवाद, साम्प्रदायिक हिंसा एवं नक्सलवाद पर काफी हद तक काबू पा लिया गया है। लेकिन नये युग के अनुरूप अपराध भी नयी शक्ल में सामने आ रहे हैं, जैसे सीमाओं की सुरक्षा, साइबर-खतरे, आर्थिक भ्रष्टाचार, कट्टरपंथ, पहचान दस्तावेजों में धोखाधड़ी आदि है। इनसे लड़ने एवं इन्हें समाप्त करने में पुलिस की ही सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका है। पुलिस कानून व्यवस्था की केंद्रीय धुरी है, इसलिए उसकी दक्षता, कार्यक्षमता, कौशल, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता पर ही नये भारत के नये कानूनों की कामयाबी का दारोमदार होगा। आज जब विश्व में भारत का महत्व बढ़ रहा है और आर्थिक विकास तेज गति से आगे बढ़ रहा है, तो शांति, सह-जीवन, स्थिरता और समृद्धि के लिए सक्षम एवं ईमानदार पुलिस तंत्र का होना आवश्यक है।

## माहेश्वरी महिला मंडल ने कुमकुम हल्दी लगाकर संक्रांति पर्व मनाया



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

माहेश्वरी महिला मंडल ने संक्रांति पर्व पर मंडल की अध्यक्ष नीरू राठी के निवास पर एक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा एक दूसरे को कुमकुम हल्दी लगाकर सुहाग का सामान दिया विभिन्न रंगों की पतंग से सजावट कर रंगोली बनाकर महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन गाए। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई जिसमें 22 तारीख को होने वाले राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के विषय में भी चर्चा के दौरान बताया गया की सभी अपने अपने घरों पर जय श्री राम का ध्वज लगाया जाएगा सभी घरों में रोशनी से सजावट की जाएगी घरों पर दीपक लगाए जाएंगे द्वारो पर रंगोली बनाई जाएगी एवं आतिशबाजी की जाएगी तत्पश्चात विभिन्न व्यंजनों का आनंद लेकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नीरू राठी प्रेमलता तोषनीवाल शीला खडलोया सुधा कचोलिया उषा साबू सुनीता सारडा शीला सारडा उषा सारडा वर्षा सारडा स्वाति राठी अनुपमा महेश्वरी पुनीता सारडा प्रियंका सारडा रेनू राठी प्रीति कचोलिया शुभांगी सारडा सहित महिला मंडल उपस्थित थी।

## मकर संक्रांति पर्व पर नपा कक्ष में महिला सम्मेलन आयोजित




**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

युवा दिवस एवं मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित महिला सम्मलेन का आयोजन नगर पालिका कार्यालय सभा कक्ष में किया गया जिसमे स्कूल के बच्चे एवं महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया, कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले समूह एवं बच्चों को उपहार स्वरुप भेंट प्रदान किया गया तथा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव द्वारा स्व सहायता समूह की महिलाओं को मकर सक्रांति के उपलक्ष्य में सुहाग सामग्री भेंट की गयी. इस कार्यक्रम में श्रीमती नीतू यादव अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम, श्रीमती दिव्या मिश्रा सिटी मिशन मैनेजर, भगवान सिंह राजपूत सिटी मिशन मैनेजर, श्रीमती कविता राजपूत एवं समस्त स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

# जंगल कटाई माफिया वन विभाग के अधिकारियों की पकड़ से कोसों दूर

### सीसीएफ बोले- वनकर्मियों को देंगे राइफल

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

सिवनी मालवा वन परिक्षेत्र सिवनी मालवा के अंतर्गत आने बाली ढेकना बीट में बीते दिनों अवैध रूप से काटे गए 21 सागौन के विशाल पेड़ों की कटाई के लगभग 5-5 फीट के 100 टुकड़े कर के पिकअप में ले जाने की तैयारी कर रहे वन माफियाओं को वन विभाग की टीम के साथ मुठभेड़ में दो पिकअप वाहन और एक मोटरसाइकिल सहित लकड़ी छोड़कर वन माफिया भाग गया था। इस मामले में दूसरे दिन भी वनमाफिया तक वन विभाग के अधिकारी नहीं पहुंच पाए हैं। जंगल में हुई अवैध कटाई का मामला अखबारों की सुर्खियों में रहने के बाद घटनास्थल पर पहुंचे सिवनी मालवा के पत्रकारों को डीएफओ अनिल चोपड़ा ने पूरी जानकारी प्रेस नोट के माध्यम से देने की बात कही थी लेकिन प्रेस नोट दूसरे दिन तक भी जारी नहीं हुआ।



जिससे पता चल सके की कितने घन मीटर लकड़ी जंगल से काटी और उनकी बाजार मूल्य क्या रही। वही आज सुबह जब हमने इस पूरे घटनाक्रम पर ताजा अपडेट जानने की कोशिश करने के लिए सिवनी मालवा बानापुरा वन परिक्षेत्र के एसडीओ अनिल विश्वकर्मा को फोन लगाया तो उन्होंने फोन रिसीव करना भी उचित नहीं समझा। रविवार के दिन सीसीएफ अनिल शुक्ला ने रेंजर और डिप्टी रेंजरो के साथ एक मीटिंग कर जंगल सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वन क्षेत्र में हो रही कटाई के संबंध में गंभीर निर्णय भी लिए। शनिवार के दिन ÷दोपहर मेट्रो÷ अखबार में छपी खबर वन कर्मियों के पास सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतेजामत नहीं होने के कारण अवैध कटाई हो रही है जिस पर सीसीएफ शुक्ला ने बताया अब वनकर्मियों को अपनी आत्मरक्षा के लिए राइफल दी जाएंगी। वनकर्मियों को आर्म्स चलाने के अधिकार नहीं है, किंतु विशेष परिस्थिति और आपातकाल में हवाई फायर कर सकते हैं। वही जंगल कटाई के दौरान राजसात किए गए वाहनों को गश्त में उपयोग करेंगे। जंगल से लगे हाईवे पर नई गस्त चौकी का निर्माण करना प्रस्तावित किया गया है, सीसीएफ ने बताया जांच की जा रही है कि कटाई के दौरान



कितने मोबाइल नंबर मौके पर एक्टिव थे। उनको ट्रेस करने के लिए और डिटेल के लिए टाइगर स्ट्राइक फोर्स की मदद लेंगे।

जंगल कटाई के इस पूरे मामले में सूत्र बताते हैं की हाईवे से महज 100 कदम की दूरी पर 21 पेड़ काटे गए थे। माफिया ने जंगल में अंदर प्रवेश करने के लिए वन विभाग द्वारा बड़े वाहन अंदर ना जाए जिसके लिए एक नाली (टंच) बनाई थी जिसको लकड़ी चोरों ने उसे भरकर पहले रास्ता बनाया फिर जंगल में वाहनों ने प्रवेश किया। सूत्र बताते हैं सागौन से लदे वाहनों को रोकने के लिए वनकर्मियों ने नेशनल हाईवे निर्माण कर रहे हैं डंपर को रास्ते में खड़ा करके पिकअप वाहनों को रोकने में सफलता हासिल की।

## लोहड़ी पर्व पर शोभा यात्रा का स्वागत किया

**नर्मदापुरम।** सिख समाज द्वारा लोहड़ी पर्व पर विशाल शोभा यात्रा निकाल कर भजन कीर्तन के माध्यम से गुरुदेव को याद किया गया.इस अवसर पर सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच के अरुण दीक्षित अशोक दीबोलिया अशोक परसाई के एन त्रिपाठी मोहम्मद आदिल फ़ाज़ली भागचंद आरके मिश्रा के के शर्मा ओम प्रकाश मालवीय आरके सैनी रमेश सोनी के एस सैनी रमेश गोप्लानी आशीष तिवारी जय बाला निगम के साथ ही संस्था के अन्य सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।



### श्री रामलीला मेला आयोजन हेतु किया भूमिपूजन

**विदिशा।** श्री रामलीला मेला भव्य आयोजन के कार्यक्रम अनुसार श्री रामलीला मेला के भूमिपूजन कार्यक्रम में आज भूमि पूजन संपन्न हुआ। श्री रामलीला मेला के भूमि पूजन कार्यक्रम में विदिशा विधायक श्री मुकेश टंडन, विदिशा जनपद पंचायत अध्यक्ष वीरसिंह रघुवंशी समेत अन्य जनप्रतिनिधि तथा कलेक्टर एवं श्री रामलीला मेला समिति अध्यक्ष श्री उमाशंकर भार्गव और पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शुक्ला शामिल होकर पूजन-अर्चना कर आरती में शामिल हुए और प्रसादी ग्रहण की है।

## अक्षत कलश का ग्रामीणों ने किया स्वागत

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

शिवपुर के ग्राम रीछी में अयोध्या से आए अक्षत कलश का ग्रामीण और धर्म प्रेमी जानता ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ कलश की पूजन अर्चन करने के बाद यात्रा निकाली गई। वही 22 तारीख को अपने-अपने घरों के सामने रंगोली और दीप प्रज्वलित कर झंडा लगाने की अपील की जिससे भगवान श्रीराम का आशीर्वाद सभी को प्राप्त हो। सभी सनातियों में प्रेम और उल्लास का माहौल बना रहे और ऐसे ही हम सभी ग्रामीण भक्तों पर क्षेत्र वासियों पर माता बहनों पर कृपा बनी रहे एवं सभी ग्रामीण माता शबरी की तरह भगवान श्री राम के प्रति स्नेहा रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय सनातन हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष ललित पटेल गुर्जर नर्मदापुरम (रीछी)भाजपा नेता ,एवं ग्राम के प्रभात फेरी के मुख्य सदस्य कृष्णचंद्र गोस्वामी , भाजपा कार्यकर्ता, हुकुम सिंह राजपूत, ,गुरुप्रसाद गुर्जर भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी भारत सिंह,केशव अध्यक्ष,बल्लू सनातन संगठन मंत्री, पंडित शैलेंद्र, संदीप, सौरभ, विशाल, विश्वनाथ, प्रफुल, अमान, कन्हैया लाल,एवं समस्त ग्राम वासी उपस्थित थे।



### विद्यार्थियों ने पंपलेट बांटकर आमजनों को दी जानकारी

## एनसीसी कैडेट्स ने थैलेसीमिया सिकल सेल के प्रति जागरूकता रैली निकली

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नर्मदा कॉलेज में थैलेसीमिया सिकल सेल बीमारी से मुक्ति हेतु जागरूकता अभियान के तहत रैली का आयोजन किया गया। छात्रों ने पंपलेट बांटे और आमजन को जानकारी दी। प्रभारी प्राचार्य डॉ अमिता जोशी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि शासन द्वारा सिकल सेल जैसी गंभीर बीमारी को खत्म करने के लिए अभियान चलाया गया है इसकी जानकारी सभी को होना चाहिए। यह खून से जुड़ी आनुवांशिक बीमारी है जिसमें रक्त कणिकाओं की संरचना बिगड़ने के कारण रक्त संरक्षण ठीक से नहीं होता है और व्यक्ति धीरे-धीरे कमजोर होकर मृत्यु को प्राप्त हो जाता है। अतः सभी को अपने खून की जांच अनिवार्य रूप से करवानी चाहिए। बीमारी की रोकथाम में स्वयं की ही सुरक्षा है। कार्यक्रम प्रभारी डॉ यास्मीन खान ने कार्यक्रम का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कहा कि युवाओं को यह जानना जरूरी है कि थैलेसीमिया बीमारी जन्म से ही प्राप्त होती है यह रोग माता-पिता से बच्चों में स्थानांतरित होता है अतः आवश्यक है नियमित रूप से खून की जांच करवाएं और यदि यह रोग पाया जाता है तो चिकित्सक की सलाह के अनुसार इलाज और बचाव करें। एनसीसी के छात्रों प्रियांबिका जाट, अजय ठाकुर, निलेश बिंदैया ने भी सिकल सेल की रोकथाम पर अपनी जानकारी सांझा की और ग्रामीण स्तर पर भी जागरूकता की अनिवार्यता बतायी। गौरव इरपाचे, विक्रम लविस्कर, सतीश बारस्कर, राधिका, निकिता, नेहा, बृजेश धुर्वे, दुर्गेश सहित डॉ कुमुदिनी गार्गव, आरती रावत,राजीव द्विवेदी सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।




**मेट्रो एंकर**

### दुकानदारों की और यातायात पुलिस की अच्छी खासी सांठ-गांठ भी चर्चा में

# नो एंट्री जोन में बिना ड्राइवर के चला मल्टी एक्सल ट्रक, सड़क किनारे खड़े कई वाहनों को मारी टक्कर

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**


प्रातः 11:00 बजे के दौरान बाबई रोड पर एक मल्टी एक्शन ट्रक बिना ड्राइवर के सड़क पर आगे बढ़ता गया इससे कोई जन हानि तो नहीं हुई लेकिन सड़क किनारे खड़े कई वाहनों को क्षति ग्रस्त कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मल्टी एक्सल ट्रक वाहन क्रमांक-CG-04PK 8387 बाबई रोड स्थित एक हार्डवेयर की दुकान पर लोहे का सामान खाली करने के लिए खड़ा हुआ. ड्राइवर आसपास कहीं चाय पीने चला गया. क्लीनर भी ट्रक के पास खड़ा नहीं था। ट्रक न्यूट्रल था। लोहा खाली करने के दौरान ट्रक ढलान की ओर लुढ़क गया। इस दौरान सड़क के किनारे टू व्हीलर फोर व्हीलर जो भी वहां खड़े थे उनको टक्कर मारते हुए ट्रक आगे बढ़ गया. खबर मिलते ही थाना प्रभारी सहित पुलिस दल घटनास्थल पर आ पहुंचा.आवश्यक कार्रवाई करने के उपरांत पुलिस ने ट्रक को थाने में लाकर खड़ा कर दिया।



### पुलिस का पहरा होने के बावजूद नो एंट्री जोन में ट्रक पहुंचा कैसे..?

सुबह 6:00 से रात को 9:00 तक नो एंट्री का समय रहता है. इस दौरान कोई भी माल वाहक वाहन नगर की सीमा में प्रवेश नहीं कर सकता. खास तौर से उन इलाकों में जहां भीड़ भाड़ रहती है. प्रश्न उठता है कि यह मल्टी एक्सल भारी भरकम ट्रक नो एंट्री जोन में पहुंचा कैसे.? कहने को तो पुलिस विभाग द्वारा जगह-जगह चौराहे पर कैमरे लगाए जाने की बात की जा रही है। और हर जगह पुलिस का पहरा होने की बात कही जाती है. इतना सब कुछ होने के बावजूद भी भारी भरकम वाहन नो एंट्री जोन में पहुंचा कैसे और दिनदहाड़े सामान कैसे खाली कर रहा था। बताया जाता है कि नगर में इस तरह के वाहन नो एंट्री जोन में रोज दिखाई देते हैं. जिन दुकानों पर सामान खाली किया जाता है उन दुकानदारों की और यातायात पुलिस की अच्छी खासी साठ गांठ भी बताई जाती है। इसी लचर व्यवस्था के चलते नो एंट्री जोन में मालवाहक वाहन दिनदहाड़े अपना माल खाली करने से भी नहीं हिचकते और इस तरह की दुर्घटनाओं को करने से भी नहीं चूकते।









## लोकसभा चुनाव पर चर्चा



सिरोंज। पूर्व कांग्रेस सांसद लक्ष्मन सिंह आये सिरोंज कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष सुरेश यादव सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत आने वाले लोकसभा चुनाव के बारे में की चर्चा।

# बाहर सामान रखने पर व्यापारियों के नपा ने काटे चालान

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**




शहर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए नगर पालिका परिषद के द्वारा एसडीम के निर्देश पर अभियान चलाकर अतिक्रमण धारियों पर कार्रवाई करते हुए कच्चे पक्के अतिक्रमण को तोड़ने का काम किया गया है। व्यापारियों को समझाइए दी जा रही है की सीमा रेखा के बाहर कोई भी सामान ना रखें फिर भी सामान रखने का काम कई व्यापारियों और दुकानदारों के द्वारा किए जा रहे हैं। अब इनके खिलाफ नगर पालिका परिषद के द्वारा चलानी करवाई प्रारंभ की गई है। पहले तो इनके फोटो खींचकर दुकानों पर चस्पा किए जाते हैं फिर चालान बनाने का काम किया जाता है। इसी क्रम में नगर पालिका अतिक्रमण दल प्रभारी संजीव यादव और बालमुकुंद कुशवाहा ने 6 व्यापारियों पर अतिक्रमण करके सामान रख पाए जाने पर चलने कार्रवाई करते हुए 1500 रुपए के चालान बनाएं साथ ही दुकानदारों को सीमा रेखा के अंदर ही सामान रखने की हिदायत भी दी गई। संजीव यादव ने बताया कि पहले छोटे-छोटे चरणों में आ जा रहा है फिर इनकी राशि में वृद्धि होगी इसके बाद आगे कार्रवाई कानूनी कार्रवाई भी ऐसे लोगों पर प्रारंभ की जाएगी। लगातार एलाउंसमेंट भी करवा कर सूचना दी जा रही है फिर भी अतिक्रमण धारी सीम रेखा तोड़कर सामान रखने से बाज नहीं आ रहे हैं।

### हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं, फिर भी नहीं है शौचालय की व्यवस्था जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

# मकर संक्रांति, बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर में दर्शन करने उमड़ेगा आस्था का जन सैलाब

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

क्षेत्र के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल देवपुर धाम अवस्थाओं के बीच आज श्रद्धालुओं का जल सैलाब दर्शन करने के लिए पहुंचेंगे, दूसरी ओर विधायक की फटकार के बाद व्यवस्थाओं में कितना सुधार हुआ है इसकी तस्वीर भी देखने को मिलेगी वही एक दिन पहले गंदगी और अवस्थाओं को देखकर विधायक ने जिम्मेदारों को खूब फटकार भी लगाई थी।प्रदेश सरकार के द्वारा 7 दिन पहले से ही मंदिर और परिसरों सार्वजनिक स्थलों की विशेष रूप से साफ सफाई करने के निर्देश दिए गए हैं। खास तौर पर मंदिरों की सफाई में किसी भी तरह की चूक नहीं होनी चाहिए इसके बाद भी देवपुर धाम में सफाई नहीं मिलने पर मंदिर आदि क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे विधायक उमाकांत शर्मा ने गंदगी देख अधिकारियों और व्यवस्थाओं में लगे कर्मचारियों को खूब फटकार लगाते हुए कहा कि कैसी व्यवस्था है सफाई के नाम पर खाना पूर्ति हो रही है इस तरह की लापरवाही किसी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी जनपद सीईओ से लेकर तहसीलदार और व्यवस्था में लगे कर्मचारियों की क्लास लेते हुए कहा कि इतने दिनों से क्या देख रहे हो सफाई के नाम पर कुछ भी नहीं हो रहा है गंदगी का ढेर लगा हुआ है। रोजगार सहायक पर तो तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश को को दिए तो कई कर्मचारी इनके सामने आने से कतराते रहे नजर आए इसके अलावा अन्य कर्मचारियों को भी लापरवाही पर डांट लगाते हुए कार्रवाई के निर्देश्यों को दिए। उन्होंने मंदिर की व्यवस्था में लगे कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है उसमें भी नाराजगी जहर करते हुए व्यवस्थित रूप से काम करवाने के निर्देश दिए वहीं सीईओ वंदना शर्मा ने जवाब देते हुए कहा कि हमने सभी को नोटिस दे दिए हैं पर काम नहीं कर रहे हैं हम कार्रवाई करेंगे। इसके बाद विधायक ने तहसीलदार से कहा कि समन्वय बनाकर एक बैठक करके व्यवस्थाएं उचित व्यवस्थाएं हरलत में हो जाना चाहिए। लापरवाही से काम करने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए और कहा कि यहां की व्यवस्था पूर्ण रूप से साफ स्वच्छ होनी चाहिए श्रद्धालुओं को मंदिर में दर्शन के दौरान किसी भी तरह की परेशानी ना हो पुलिस की अच्छी व्यवस्था भी होनी चाहिए उन्होंने कहा कि पहले काम नहीं करने वालों को समझाएं दो नहीं माने तो सीधी बर्खास्त्री की कार्रवाई होगी इसीलिए हिदायत के बाद व्यवस्थाओं में परिवर्तन होना चाहिए।



## दर्शनों के लिए लगेंगी लंबी-लंबी कतार है सफाई का अभाव

तीर्थ स्थल देवपुर धाम में मकर संक्रांति पर 40 से 50 हजार श्रद्धालुओं की पहुंचने की संभावना है हर साल यहां पर इसी तरह श्रद्धालु दर्शन करने व पूजा पाठ करने के लिए पहुंचते हैं। इसकी जानकारी होने के बाद भी जिम्मेदारों के द्वारा समय रहते व्यवस्था नहीं की जाती कुंडो की साफ-सफाई भी नहीं कराई गई है परिसर में भी गंदगी का ढेर लगा हुआ इसी अवस्था के बीच देवपुर मेले में आज श्रद्धालु दर्शन करेंगे दूसरी एक दिन पहले से ही श्रद्धालुओं का भजन कीर्तन करते हुए पहुंचने का सिलसिला प्रारंभ हो गया था प्रात: काल पवित्र कुंड के जल से स्नान करके बाबा विश्वनाथ स्वामी का जल अभिषेक करेंगे। यहां पर भगवान श्री राम से भी एक श्री कृष्ण भी पहुंचे और बाणासुर की नगरी भी है यहां पर 64 गुरुओं के भांजे का स्थल भी बताया जाता ।गंगा तीर्थ करने के बाद जब तक यहां जल चढ़ाया जाता है तब तक तीर्थ पूर्ण होते हैं ऐसी प्राचीन काल से मानता है।

## परिसर में गंदगी देख नाराज हुए विधायक

मंदिर परिसर में कचरा पड़ा हुआ था साफ सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति देखकर विधायक उमाकांत शर्मा ने नाराजगी जाया करते हुए जिम्मेदारों को मौके पर अटकल लगाई तथा अपने हाथों से कचरा को उठाकर साफ सफाई करके स्वच्छता का संदेश देते हुए कहा कि हम हम सबको मिलकर स्वच्छता का संदेश सभी जगह फैलाना है घरों मंदिरों और चौराहों को साफ स्वच्छ रखने में सहयोग करें।

## प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का फोटो गायब

जनपद पंचायत के द्वारा कक्षा के बाहर जो बैनर लगाया गया था उसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल का फोटो गायब था इसमें पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा विधायक उमाकांत शर्मा के साथ जनपद के सदस्यों के फोटो लगे हुए थे। इस पर विधायक ने जनपद सीईओ से लेकर जनपद अध्यक्ष, देवपुर मंडल अध्यक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जब हमारे मुखिया को ही फोटो नहीं है तो फिर बैनर लगाने का क्या फायदा है। तत्काल में बैनर अपने सामने ही वहां से निकलवा कर जिम्मेदारों को फटकार लगाते हुए कहा कि इस तरह की गलती दोबारा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि तत्काल दूसरा बैनर बनवाकर लगवाया जाए उसमें इस बात का ध्यान रखा जाएगा इन सभी के फोटो लगे होने चाहिए।

## तीर्थ स्थल देवपुर धाम का महत्व

अति प्राचीन होने के कारण हजारों की संख्या में भक्त जन यहां पर बाबा विश्वनाथ स्वामी के दर्शन करने पहुंचते हैं साथ ही विभिन्न समाज जनों के द्वारा भी मंदिरों का निर्माण कराया गया है तीर्थ क्षेत्र होने के बाद भी श्रद्धालुओं के लिए शौचालय की व्यवस्था नहीं है जबकि यहां पर प्रतिदिन श्रद्धालुओं कहां आने जाने का सिलसिला रहता है मकर संक्रांति सहित अमावस्या पूर्णिमा पर हजारों की संख्या में पहुंचते हैं। इसकी जानकारी होने के बाद भी जनप्रतिनिधियों से लेकर जिम्मेदारी के द्वारा यहां पर शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। इस वजह से यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को शौच के लिए परेशान होना पड़ता है। इसमें सबसे ज्यादा परेशानी माता बहनों को होती है।

## विधायक की फटकार के बाद भी नहीं हो रहा बदलाव



विधायक के द्वारा व्यवस्था नहीं मिलने पर अधिकारी कर्मचारियों को इसी तरह खूब डांट फटकार लगाई जाती दिशा निर्देश भी दिए जाते हैं। उसे समय तो अधिकारी और कर्मचारी चुपचाप उनकी बात सुन लेते हैं पर बाद में अधिकांश जिम्मेदारों के द्वारा विधायक की फटकार के बाद भी ध्यान नहीं दिया जाता है। अधिकारी कर्मचारियों को विधायक की बातें सुनना अच्छा लगता है तभी तो पहले से कोई व्यवस्थाएं नहीं की जाती हैं। या फिर ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण अधिकारी कर्मचारियों में डर नहीं रहता है। इन लोगों की सोच है कि केवल डांट फटकार ही विधायक लगते हैं उससे बच लो इसलिए विधायक के सामने खड़े होने में भी अधिकारी कर्मचारी के साथ भाजपा संगठन के लोग भी कतराते हैं।

### बसों में क्षमता से अधिक वैठाए जा रहे यात्री

# मकर संक्रांति के चलते बस स्टैंड पर लगी भीड़



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में बड़े ही उल्लास के साथ मकर संक्रंति का पर्व मनाया जाएगा इसके चलते त्यौहार मनाने के लिए बहन बेटियों का अपने घरों पर आने-जाने का सिलसिला प्रारंभ होगा इस वजह से दो दिनों से बस स्टैंड पर यात्रियों की अधिक संख्या देखने को मिले यात्री बसें के संचालकों की भी चांदी हो रही है ।दूसरी हो कई यात्रियों बसों के संचालकों के द्वारा क्षमता से ज्यादा यात्रियों को बिठाने का काम किया जा रहा है ।कुछ बस संचालकों के द्वारा छात्रों पर यात्रियों को बिठाने का काम किया जा रहा है। साथ ही मनमाना किराया भी वसूलने का काम दूर दराज के क्षेत्र में जाने वाली बसों के संचालकों के द्वारा करवाया जा रहा है। शिकायतों के बाद भी यातायात विभाग के द्वारा इनकी कोई जांच पड़ताल नहीं की जा रही है। इस वजह से यात्री बस संचालकों की मनमानी के कारण यात्रियों को अधिक किराया देकर भी परेशानी उठानी पड़ रही है। अभी मकर संक्रांति का त्यौहार मनाने के लिए बहन बेटियां अपने घर जा रही है फिर वहां से अपने घर वापस आएंगे तो इसी तरह की भीड़ एक बार फिर देखने को मिलेगी।

# शराब दुकान के बाहर, 20 मिनट तक चले जमकर लट्ठ

### पुलिस की गाड़ी देख भागे, एक आया पकड़ में

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

सबसे व्यस्त मार्ग मंडी बाईपास रोड शराब दुकान संचालित होने के कारण व्यापारियों और आम जनता को भी परेशानी होती अब तो खुलेआम लठ चलने का काम भी यहां पर होने लगा है किसी दिन बड़ी घटना भी हो सकती है। शायद तभी जिम्मेदार इस दुकान को यहां से हटवाने के लिए कदम उठाएंगे। विवाद करने वालों को पुलिस का भी डर नहीं है तभी तो खुलेआम 20 मिनट तक एक दूसरे पर डंडे बरसाते रहे पुलिस को आने में अभी काफी समय लग गय । शनिवार की देर रात्रि में किसी बात को लेकर दो पक्षों में इतना विवाद हो गया कि थोड़ी सी बात को लेकर एक दूसरे पर लठो की बारिश काफी देर तक होती रही बड़ी संख्या में समर्थक पहुंच गए है। बीच बचाव करने वालों पर भी लठ मरने का बाद में पुलिस की गाड़ी जैसी ही शराब दुकान के पास आई उसने गाड़ी का सायरन बजाया तो सभी इधर-उधर भागते हुए नजर आए दूसरी और एक व्यक्ति को पुलिस ने भागते हुए पकड़ कर गाड़ी में धर लिया फिर उसको लेकर गाई। मुख्य मार्ग पर शराब दुकान संचालित हो रही है इस वजह से प्रतिदिन छोटे-मोटे विवाद तो यहां पर होते ही रहते हैं अब बड़े विवाद भी होने लगे हैं। इन्हें पुलिस प्रशासन का भी कोई डर नहीं है किसी दिन बड़ी अनहोनी भी यहां पर हो सकती है। इसके बाद जिम्मेदार क्षेत्र के जिम्मेदार जन प्रतिनिधि और अधिकारी नींद में से जागेंगे और शराब दुकान को यहां से हटवाने के लिए कदम उठाएंगे।

**मेट्रो एंकर** नगर पालिका का ध्यान नहीं, गौशाला नहीं भेजा जा रहा आवारा मवेशियों को

# आवारा मवेशियों का सडकों पर डेरा, हो सकती हैं बड़ी दुर्घटनाएं



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

मुख्य मार्गो पर इन दिनों आवारा मवेशियों ने डेरा डाल रखा है जिससे कभी भी कोई बडी दुर्घटना हो सकती है । सबसे ज्यादा आवारा मवेषी कष्टम पथ बासोदा नाका तहसील रोड व अन्य मार्गो पर आवारा मवशी बैठे दिखाई देगे जिससे आये दिन चार पाहिया वाहन टेक्टर मोटर साइकल वाले काफी परेषान है, आवारा मवेशी बीच सडक पर झूड बनाकर डेरा डाल लेते है जिससे वाहन चालक हार्न बजा-बजा कर थक हार कर नीचे उतर कर सडक से हटाता है जब जाके वाहन निकल पाते है। इस और नगर पालिका ध्यान नही है और आवारा मवेशियों को गौशाला नही भेजा जा रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रो को जाने वाले मार्गो की सड़क पर इन दिनों मवेशियो का जमावडा लगा रहता है जिससे वाहन चालकों की समस्या उठानी पड रही है तथा दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। वाहन चालको की समस्या रात के समय कई गुना बढ़ जाती है क्यो कि रात के समय इनकी संख्या अधिक हो जाती है ये आवारा मवेशी किसी ऐसे पशुपालक के नही है कि जिसने थोडी देर के लिए उन्हे छोडा है बल्कि ऐसे पशुपालकों के है जिन्होने पशुपालन में आ रही विभन्न परेशानियों के कारण मवेशियों को हमेशा के लिए छोड दिया है तथा पशुपालन से तौब कर लिया है। कुछ आसपास के किसानो ने मवेशियों को इकठ्ठा कर दूसरे ग्रामो से लाकर नगर में छोड दिया जाता है जिससे नगर के लोगो को परेशान होते है।

## यातायात पुलिस ने एलबीएस कॉलेज में लगाया जागरूकता कैंप, बताए यातायात के नियम

सिरोंज। यातायात विभाग के द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों के प्रति जागरूक करने के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन एलबीएस कॉलेज में किया गया जिसमें



यातायात सूबेदार रितेश वाघेला ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए कहा की वाहन चलाते समय सभी सावधानी बरते हैं एवं वाहनो के समस्त दस्तावेजों की जानकारी दी एवं वाहन चेकिंग के अंतर्गत यातायात नियमों का उल्लंघन मिलने पर चलनी कार्रवाई होती उससे बचने के लिए वाहनों दस्तावेजों हमेशा साथ लेकर चलें यातायात नियमों का आवश्यक रूप से पालन करें। दूसरी ओर अभियान के तहत वाहन चेकिंग करते हुए 6 वाहन चालकों पर यातायात विभाग के नियमों का पालन नहीं करने पर चालानी कार्रवाई करते हुए 2800 रुपए शमन शुल्क वसूली कार्रवाई के दौरान मुख्य रूप से बीमा फिटनेस परमिट चौक किया तथा दो पहिया वाहन चलाको को हेलमेट का प्रयोग करने एवं वाहन का बीमा फिटनेस एवं परमिट रखने की हिदायत दी है।



### इंग्लैंड के खिलाफ विकेटकीपिंग नहीं करेंगे राहुल, स्पेशलिस्ट बैटर के रूप में टेस्ट खेलेंगे

# भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 25 जनवरी से होगी

**मुंबई, एजेंसी**

भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज में केएल राहुल विकेट कीपिंग नहीं करेंगे। उन्हें प्लेइंग इलेवन में बतौर बैटर ही शामिल किया जा सकता है। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट मैचों की सीरीज 25 जनवरी से शुरू हो रही है। सीरीज के पहले दो मुकाबलों के लिए टीम का ऐलान कर दिया है। टीम में केएल राहुल सहित दो विकेट कीपर केएस भरत और ध्रुव जुरेल को जगह दी गई है। रिपोर्ट्स की मानें तो केएल राहुल इस सीरीज में बतौर बल्लेबाज खेलेंगे और भारतीय टीम एक स्पेशलिस्ट विकेटकीपर के साथ उतरेगी।

### स्पेशलिस्ट बैटर के रूप में खेलेंगे

केएल राहुल को विकेटकीपर की भूमिका साउथ अफ्रीका दौरे के लिए ही दी गई थी। सूत्रों ने बताया कि राहुल अब बतौर बैटिंग स्पेशलिस्ट बैटर टीम में खेलेंगे। विदेशी पिच पर केवल तेज गेंदबाजों के सामने विकेटकीपिंग करनी पड़ती है। भारतीय पिचों पर विकेट कीपिंग करना कठिन होता है, क्योंकि घरेलू पिच स्पिन के अनुकूल होती है। यहां की पिचों पर गेंद तेजी से उछाल लेने के साथ ही घूमती भी है। यहां एक स्पेशलिस्ट विकेटकीपर की जरूरत होती है। ऐसे में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में स्पेशलिस्ट प्लेयर से ही विकेटकीपिंग कराई जाएगी। भारतीय टीम में पहले दो टेस्ट के लिए 4 स्पिन गेंदबाजों को शामिल किया है।



### भारत ने 6 विकेट से जीता दूसरा टी-20, तीसरा मुकाबला 17 को

भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरा टी-20 मैच 6 विकेट से जीत लिया है। भारतीय टीम ने इंदौर के होलकर स्टेडियम में 173 रन का टारगेट 15.4 ओवर में 4 विकेट पर हासिल कर लिया। ओपनर यशस्वी जायसवाल ने 34 बॉल पर 68 रन की पारी खेली, जबकि शिवम दुबे ने 32 बॉल पर नाबाद 63 रन बनाए। इससे पहले अफगानिस्तान ने टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए पूरे 20 ओवर में सभी 10 विकेट खोकर 172 रन बनाए। भारत के लिए अर्शदीप सिंह ने तीन विकेट झटके। इस जीत के साथ ही भारत टीम ने 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। सीरीज का तीसरा मुकाबला 17 जनवरी को बेंगलुरु में खेला जाएगा। बता दें इंडिया होम ग्राउंड पर 15 टी-20 सीरीज से अजेय भारतीय टीम अपने घरेलू मैदान पर पिछली 15 टी-20 सीरीज से अजेय है। टीम इंडिया ने घरेलू मैदान पर कुल 15 टी-20 इंटरनेशनल सीरीज खेली, जिनमें से 2 ड्रॉ रही, जबकि 13 में जीत मिली। अक्षर टी-20 में 2 हजार रन और 200 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय अक्षर का भी लगा दीजिएगा। टी-20 क्रिकेट में 2000 रन और 200 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय बने।

**तेज शुरुआत के बाद भी बड़ा स्कोर नहीं बना सके अफगान :** अफगानिस्तान की टीम पहले पांच ओवरों में 10 के रन रेट से बल्लेबाजी कर रही थी। 5 ओवर के बाद टीम का स्कोर 50/1 था। लेकिन टीम आखिरकार 172 रन तक ही पहुंच पाई। इंदौर के होलकर ग्राउंड की बाउंड्री काफी छोटी है, इसलिए यहां 200 रन से कम का स्कोर डिफेंड करना मुश्किल होता है। भारत के लिए टारगेट काफी साधारण साबित भी हुआ। टीम ने 26 गेंद पहले मुकाबला जीत लिया। अफगानिस्तान ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। टीम की ओर से एक भी 50+ की पार्टनरशिप नहीं हुई। दूसरी ओर पहले ओवर में कप्तान रोहित शर्मा का विकेट गंवाने वाली भारतीय टीम से दो अर्धशतकीय साझेदारियां हुईं। जायसवाल और कोहली ने दूसरे विकेट के लिए 28 बॉल में 57 रन जो?कर टीम इंडिया को संभाला। फिर कोहली के आउट होने पर जायसवाल ने शिवम दुबे के साथ 42 बॉल पर 92 रन की साझेदारी करते हुए भारत को जीत के करीब पहुंचा दिया। भारतीय टीम के रोहित शर्मा पहली ही गेंद पर बोल्ड हो गए। यहां से विराट कोहली आए और जायसवाल के साथ 28 बॉल में 57 रन की पार्टनरशिप हुई। कोहली 28 रन बना कर आउट हुए।

### रिस्क नहीं लेना चाहता मैनेजमेंट

सूत्र ने कहा, राहुल बतौर बल्लेबाज हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। उनसे कीपिंग करवा कर हम कोई रिस्क नहीं लेना चाहते। विकेट के पीछे चोटिल होने की संभावना ज्यादा है। ऐसे में उन्हें इस भूमिका से दूर ही रखा जाएगा। उन्होंने पिछले साल जून में जांघ का भी ऑपरेशन करवाया है। ऐसे में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में उन्हें कीपिंग से दूर रखा जाएगा। टीम में राहुल के साथ ध्रुव जुरेल और केएस भरत को भी बतौर विकेटकीपर चुना गया है।

### भरत और जुरेल में से किसी एक को मौका

घरेलू टेस्ट सीरीज में केएस भरत और ध्रुव जुरेल में से किसी एक को प्लेइंग इलेवन में मौका मिल सकता है। भरत टेस्ट में डेब्यू कर चुके हैं। वहीं जुरेल पहली बार किसी फॉर्मेट में भारतीय टीम के लिए सिलेक्ट हुए हैं। भरत ने 2023 के वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी टेस्ट खेला था। ऐसे में वह टेस्ट सीरीज से वापसी कर सकते हैं। भरत अब तक खेले पांच टेस्ट में 18.42 की औसत से 129 रन बनाए हैं। वहीं जुरेल ने 15 फर्स्ट क्लास मैचों में 46.47 की औसत से 790 रन बनाए हैं। जिनमें एक शतक और पांच फिफ्टी शामिल हैं। उनका सर्वोच्च स्कोर 249 रहा। वहीं टीम में रविंद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल शामिल हैं। प्लेइंग इलेवन में इनमें से तीन को मौका मिलना तय है। जडेजा, अश्विन और अक्षर बल्ले से भी कमाल कर सकते हैं। ऐसे में इन्हीं तीनों को प्राथमिकता मिलते नजर आ रही है।

### भारत ने न्यूजीलैंड को 3-1 से हराया

## भारत का आखिरी मुकाबला इटली के खिलाफ कल होगा



**रांची, एजेंसी**

एफआईएच विमेंस ओलंपिक क्वालिफायर में भारत ने न्यूजीलैंड को 3-1 से हराया। इसी के साथ भारत के लिए ओलिंपिक क्वालिफिकेशन की उम्मीद बनी हुई है। भारत के लिए पहले ही मिनट में कुमारी संगीता, 12वें मिनट में उदिता और ब्यूटी डुंगडुंग ने 14वें मिनट में गोल दागा। न्यूजीलैंड की ओर से हल मेगन ने 9वें मिनट में इकलौता गोल दागा। भारत का अगला और आखिरी मुकाबला इटली के खिलाफ 16 जनवरी को होगा। अमेरिका के खिलाफ हार मिलने के बाद भारत ने शुरुआती मिनट में ही गोल दाग दिया। संगीता कुमारी ने यह गोल दागा। नेहा के पास पर संगीता ने फील्ड गोल दागा।

भारत ने यहां से शांति से खेल को आगे बढ़ाया और न्यूजीलैंड के डिफेंस भेद दिया। दोनों टीमों ने अगले मिनटों में पेनल्टी कॉर्नर लिए। इसमें न्यूजीलैंड ने बाजी मारी और मेगन हॉल ने 9वें मिनट में बॉल को पहुंचा दिया। चार मिनट बाद, लालरेम्सियामी ने सर्कल में अच्छा प्रदर्शन करके भारत को पेनल्टी कॉर्नर जीतने में मदद की और उदिता ने इसे गोल में तब्दील कर दिया। भारत ने पहले क्वार्टर में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और 14वें मिनट में अपनी बढ़त 3-1 कर ली, जब झारखंड की सलीमा और ब्यूटी डुंगडुंग ने मिलकर मेजबान टीम के लिए तीसरा गोल किया। 3-1 की बढ़त ने भारत को दूसरे क्वार्टर में आरामदायक स्थिति में ला दिया। हालांकि इस क्वार्टर में कोई गोल नहीं हुआ, पहले 15 मिनट की तेज गेम के बाद दोनों धीमी हो गईं। अगले तीन क्वार्टर में कोई गोल नहीं हुआ।

### भारत पॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर

जीत के साथ ही भारतीय टीम टेबल में तीसरे नंबर पर आ गई है। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए उसे टॉप-2 में आना होगा। इसके लिए उसे अगले मुकाबले में जीतना होगा। अगर न्यूजीलैंड अगले मुकाबले में अमेरिका से हारा तो भारत के लिए ड्रॉ से भी काम हो जाएगा। भारत को पेरिस ओलिंपिक के लिए क्वालीफाई करने के लिए सेमीफाइनल में जीतना होगा या फिर तीसरे स्थान के लिए मैच अपने नाम करना होगा।

## मार्श ने प्रोफेशनल क्रिकेट को कहा अलविदा, 17 जनवरी को खेलेंगे अपना आखिरी मैच

**मेलर्बन, एजेंसी**

शॉन मार्श ने प्रोफेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया है। वह अभी बिग बैश लीग में मेलबर्न रेनेगेड्स की ओर से खेलेंगे। 17 जनवरी को वह अपने करियर का आखिरी प्रोफेशनल क्रिकेट मैच सिडनी थंडर के खिलाफ खेलेंगे। उनसे पहले एरन फिंच ने रेनेगेड्स के लिए शनिवार को अपना आखिरी प्रोफेशनल क्रिकेट मैच खेला था। वह मैच में खाता भी नहीं खोल सके थे। मार्श और फिंच मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-3 बैटर्स हैं। फिंच



3311 रनों के साथ पहले नंबर हैं, जबकि शॉन मार्श 1375 रनों के साथ तीसरे नंबर पर रहे हैं। सैम हार्पर 1433 रनों के साथ इस रिकॉर्ड में दूसरे नंबर पर हैं। मार्श 2019-2020 में रेनेगेड्स टीम से जुड़े थे और इससे पहले वह पर्थ स्कॉर्चर्स टीम का हिस्सा थे। मार्श ने रविवार को अपने संन्यास की घोषणा की और कहा कि 17 जनवरी को सिडनी थंडर्स के खिलाफ होने वाला मैच उनके करियर का आखिरी प्रोफेशनल मैच होगा। मार्श ने कहा, मुझे रेनेगेड्स के लिए खेलना पसंद है। मैं पिछले पांच वर्षों में कुछ महान लोगों से मिला हूं और मैंने जो दोस्ती बनाई वह जीवन भर रहेगी। यह टीम बेहद खास है, वे मेरे लिए अद्भुत रहे।

### करियर का सबसे लंबा ग्रैंड स्लैम फर्स्ट राउंड मैच खेला, प्रिज्मिक को चार सेट में हराया

## ऑस्ट्रेलिया ओपन: जोकोविच पहला मुकाबला जीते

**मेलबर्न, एजेंसी**

सर्बिया के स्टार टेनिस प्लेयर नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रेलिया ओपन 2024 में अपना पहला मुकाबला जीत लिया है। रविवार को 36 वर्षीय जोकोविच ने मेलबर्न में 178वीं रैंकिंग के 18 वर्षीय क्रोएशिया के डिनो प्रिज्मिक को चार सेट में (6-2, 6-7 (5), 6-3, 6-4) हराकर फर्स्ट राउंड का मुकाबला जीता। जोकोविच ने अपने 25वें ग्रैंड स्लैम सिंगल्स खिताब के लिए दावेदारी पेश की। प्रिज्मिक के खिलाफ जोकोविच ने अब तक का सबसे लंबा ग्रैंड स्लैम



पहले दौर का मैच खेला। यह मुकाबला चार घंटे एक मिनट चला। जोकोविच ने अपने पिछले 48 ग्रैंड स्लैम पहले दौर के मैच तीन घंटे से भी कम समय में जीते है। जोकोविच ने मैच के बाद कहा कि, जाहिर है, आज रात मुझे कई बार संघर्ष करना पड़ा, लेकिन इसका श्रेय प्रिज्मिक के गेमप्लान को जाता है। उनके पास बस हर शॉट का जवाब था।


### दूसरे सेट में हारे, फिर कमबैक किया

पहले सेट के बाद, जोकोविच को प्रिज्मिक ने चुनौती दी। उन्होंने स्पीड दिखाई इससे जोकोविच परेशानी में दिखे। जोकोविच ने वापसी की और गेम को टाई-ब्रेकर तक ले गए। प्रिज्मिक ने जोकोविच की चुनौती को सीधे स्वीकार कर लिया और दूसरा सेट जीत लिया। पहले राउंड के मुकाबले में किसी सेट में हार मिली। प्रिज्मिक ने दिखाया कि वह लड़ाई के लिए तैयार हैं, क्योंकि वह तीसरे सेट की शुरुआत में 2-0 से पिछड़ गए थे, लेकिन उन्होंने वापसी की और स्कोर 2-2 कर दिया।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

## अमिताभ बच्चन के हाथ की हुई सर्जरी


बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन ने हाल ही में इस बात का खुलासा किया है कि उनके हाथ की सर्जरी हुई है। सुपरस्टार ने अपने हालिया पोस्ट में इसकी जानकारी दी है। अमिताभ बच्चन ने खुलासा किया कि वह इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग के लॉन्च से पहले अक्षय कुमार के साथ शूटिंग कर रहे थे। अमिताभ इन तस्वीरों में शॉट्स के बीच अक्षय कुमार के साथ अपने हाथ की सर्जरी पर चर्चा करते नजर आ रहे हैं। अमिताभ बच्चन ने जो तस्वीरें साझा की हैं, उन तस्वीरों में वह कलाई पर बैंड पहने नजर आ रहे हैं। हालांकि, अभिनेता ने अपने हाथ की सर्जरी के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है। बिग बी इन तस्वीरों में साउथ अभिनेता सूर्या और अक्षय कुमार के साथ दिखाई दे रहे हैं। ये तस्वीरे आईपीएल के एड शूट के दौरान की हैं। सामने आई तस्वीरों में तीनों अभिनेता काले रंग के कपड़ो में नजर आ रहे हैं। तीनों सितारे इन फोटोज में बेहद हैंडसम लग रहे हैं। काले रंग की जैकेट के साथ अक्षय कुमार ब्लू जींस में बेहद हैंडसम लग रहे हैं।



अमिताभ बच्चन इन तस्वीरों में अक्षय कुमार और सूर्या को कुछ समझाते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं, एक तस्वीर में वह अक्षय के साथ अपने हाथ की सर्जर को लेकर चर्चा कर रहे हैं। हालांकि, इसे लेकर ज्यादा जानकारी नहीं सामने आई है, लेकिन इन फोटोज में अभिनेता के हाथ में काले रंग का बैंड दिखाई दे रहा है। अमिताभ बच्चन और अक्षय कुमार, सूर्या की साथ में ये तस्वीरें फैंस को बेहद पसंद आ रही हैं। फैंस इन तस्वीरों पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। इसके अलावा बिग बी के हाथ की सर्जरी को लेकर फैंस चिंता जाहिर कर रहे हैं।

### 'इक्कीस' की तैयारी कर रहे अगस्त्य नंदा

अगस्त्य नंदा ने बताया कि 'इक्कीस' की तैयारी के दौरान एक आर्मी अफसर ने चेतावनी दी थी। अगस्त्य ने बताया कि अफसर ने उनसे कहा था कि सब बिगाड़ मत देना, अरुण हमारे हीरो हैं। फिल्म 'इक्कीस' में अगस्त्य नंदा 1971 के युद्ध के हीरो अरुण खेत्रपाल के रोल में नजर आएंगे। नंदा ने बताया कि 'इक्कीस'की तैयारी के दौरान एक आर्मी अफसर ने चेतावनी दी थी अगस्त्य ने बताया कि अफसर ने उनसे कहा था कि सब बिगाड़ मत देना, अरुण हमारे हीरो हैं फिल्म 'इक्कीस' में अगस्त्य नंदा 1971 के युद्ध के हीरो अरुण खेत्रपाल के रोल में नजर आएंगे। 'द आर्चीज' से एक्टिंग डेब्यू करने के बाद अगस्त्य अब नई फिल्म की तैयारियों में जुट गए हैं। वह फिल्म 'इक्कीस' में नजर आएंगे। अगस्त्य इसमें लीड रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म 1971 के युद्ध पर आधारित है और इस युद्ध के हीरो रहे सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की जिंदगी पर बनी है।



## 70% शूटिंग के बाद ऑफर हुई थी शक्ति को फिल्म



क्राइम मास्टर गोगो के रोल के लिए शक्ति कपूर पहली पसंद नहीं थे। उनसे पहले वेटरन एक्टर टीनू आनंद को फिल्म अंदाज अपना अपना के इस रोल में कास्ट किया गया था। मगर, शूटिंग के लिए वो विदेश से भारत सही समय पर नहीं लौट पाए थे। इस कारण फिल्म की 70 फीसदी शूटिंग पूरी होने के बाद शक्ति कपूर को इस रोल के लिए अप्रोच किया गया था। इस बात का खुलासा खुद शक्ति ने हालिया इंटरव्यू में किया है। शक्ति ने यह भी बताया है कि उन्होंने फिल्म अंदाज अपना अपना की शूटिंग कितनी मुश्किलों में पूरी की। शक्ति कपूर ने बताया- फिल्म की शूटिंग लगभग 70 पर्सेंट हो गई थी। मैं राजकुमार संतोषी के साथ काम करना चाहता था। फिल्म का प्रोड्यूसर भी मेरा दोस्त था, लेकिन तारीख की वजह से मैं 3 दिन में फिल्म की शूटिंग करने में असमर्थ था। इसके बावजूद मेकर्स की तरफ से फिल्म करने के लिए प्रेशर बनाया जा रहा था। इस वजह से मैंने उनसे कहा था- अगर सभी स्टार कास्ट सहमत हो तो मैं रात में शूटिंग कर सकता हूं। मेरे इस सुझाव पर सभी लोग सहमत हो गए।

### गोगो का आइकॉनिक डायलॉग टीनू आनंद ने सुझाया

शक्ति ने आगे कहा- इसके बाद मैं टीनू के पास गया। उनसे पूछा कि क्या उनकी जगह मेरे द्वारा ये रोल करने में वो सहमत हैं। वो मेरे बहुत दोस्त हैं और उनसे बिना पूछे मैं ये रोल निभा नहीं सकता था। किस्मत से उन्हें इस चीज में कोई दिक्कत नहीं थी। शक्ति ने यह भी बताया कि गोगो की ड्रेस और उसका आइकॉनिक डायलॉग- आंखें निकालकर गोटी खेलूंगा, टीनू आनंद ने ही सुझाया था। शक्ति कपूर ने आमिर खान के साथ एयरपोर्ट पर हुई मुलाकात का किस्सा भी शेयर किया। जहां आमिर क्राइम मास्टर गोगो-थीम वाली टी-शर्ट की खोज में थे। शक्ति ने कहा- मैं यह जानकार सरप्राइज था कि इस रोल के थीम पर टी-शर्ट भी बना हुआ था। मेरे बेटे ने तुरंत एयरपोर्ट पर इस थीम पर बना एक टी-शर्ट ढूंढ लिया और आमिर को गिफ्ट कर दिया। अगली बार जब मैंने आमिर को एक पार्टी में देखा, तो वो वही टी-शर्ट पहने आए हुए थे। फिर पता चला कि वहां क्राइम मास्टर गोगो खिलौने भी बेचे जा रहे थे और क्राइम मास्टर मोमोज नाम के स्टॉल भी थे। फिर शक्ति ने मजाकिया अंदाज में कहा कि हालांकि उन्हें इन चीजों से कभी रॉयल्टी नहीं मिली।



## डीमार्ट: नेट प्रॉफिट 17 फीसदी बढ़ाकर 690.41 करोड़ पहुंचा

**मेट्रो बाजार**

**मुंबई, एजेंसी**

रिटेल चेन डीमार्ट ऑपरेट करने वाली कंपनी एवेन्यू सुपरमार्ट्स ने फाइनेंशियल ईयर 2023-24 की तीसरी तिमाही के नतीजे घोषित कर दिए हैं। तीसरी तिमाही में एवेन्यू सुपरमार्ट्स का कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 17.09 फीसदी बढ़कर 690.41 करोड़ रुपए रहा। कंपनी ने पिछले साल की समान तिमाही में 589.64 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट दर्ज किया था। तीसरी तिमाही में कंपनी का स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट 14.9 बड़ा है। यह पिछले साल की समान तिमाही में 641.07 करोड़ रुपए रहा था। कंपनी का ऑपरेशन से कंसोलिडेटेड रेवेन्यू सालाना आधार पर 17.31 फीसदी बढ़कर 13572.47 करोड़ रुपए रहा। पिछले साल की समान तिमाही में यह 11,569.05 करोड़ रुपए रहा था। तीसरी तिमाही में कंपनी का स्टैंडअलोन रेवेन्यू सालाना आधार पर 17.1 फीसदी बड़ा है। पिछले साल की समान तिमाही में यह 11304.58 करोड़ रुपए रहा था। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का EBITDA 1,120 करोड़ रुपए रहा। पिछले साल की समान तिमाही में यह 965 करोड़ रुपए रहा था। कंपनी का EBITDA मार्जिन 8.3 फीसदी रहा, जो पिछले साल की समान तिमाही में 8.3 फीसदी ही रहा था। हरिश्चंद्र एम. भारुका को कंपनी का इंडिपेंडेंट डायरेक्टर नियुक्त किया। डीमार्ट ने लगातार पांच सालों की




अवधि के लिए कंपनी के इंडिपेंडेंट डायरेक्टर के रूप में हरिश्चंद्र एम. भारुका की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने बताया कि 31 दिसंबर 2023 तक डीमार्ट के स्टोर्स का टोटल काउंट 341 है। शुक्रवार को एवेन्यू सुपरमार्ट्स का शेयर 0.57 फीसदी बढ़कर 3,843 रुपए पर बंद हुआ था। कंपनी का मार्केट कैप 2.50 लाख करोड़ रुपए है।

## टाटा पंच ईवी 17 जनवरी को लॉन्च होगी

**मुंबई,एजेंसी।** टाटा मोटर्स 17 जनवरी को अपकमिंग इलेक्ट्रिक एसयूवी टाटा पंच को लॉन्च करने जा रही है। कंपनी ने कार को 5 जनवरी को ऑफिशियली अनवील किया था। कंपनी का दावा है कि यह कार फुल चार्ज पर 300 से 400 किमी चलेगी। रेंज बैटरी पैक पर निर्भर करेगी। इसे 21,000 रुपए की टोकन मनी देकर बुक किया जा सकता है। टाटा पंच ईवी का मुकाबला सिट्रोएन से होगा। इसे नेक्सॉन ईवी और टियागो ईवी के बीच पोजीशन किया जाएगा। यानी, कीमतें 10 लाख-13 लाख रुपए, एक्स-शोरूम के बीच हो सकती हैं। टाटा ने पंच ईवी का ऑफरोड टेस्टिंग का वीडियो जारी किया। टाटा मोटर्स ने पंच इलेक्ट्रिक एसयूवी को कुछ दिन पहले ही अनवील किया था। टाटा पंच ईवी को दो वेरिएंट में उतारा गया हैं - स्टैंडर्ड और लॉन्ग रेंज। स्टैंडर्ड में और लॉन्ग रेंज में बैटरी पैक होने की उम्मीद है। स्टैंडर्ड में केवल चार्जर मिलता है, जबकि लॉन्ग रेंज में चार्जर के साथ फास्ट चार्जिंग भी मिलती है। स्टैंडर्ड पंच ईवी 5 ट्रिम्स में उपलब्ध है - स्मार्ट, स्मार्ट+, एडवेंचर, एम्पावर्ड और एम्पावर्ड+। इसे 5 डुअल-टोन कलर ऑप्शन में उतारा गया है। वहीं लॉन्ग रेंज में 3 ट्रिम मिलते हैं।



# गांधी नगर से लापता किशोरी बरामद, अपहर्ता पर दुष्कर्म का केस दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गांधी नगर से लापता हुई तेरह साल की एक किशोरी को बरामद कर लिया गया है। इस मामले में अपहरण करने वाले आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपी टीटी नगर थाने में दर्ज नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के मामले भी फरार चल रहा था।

पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 13 साल की किशोरी बीती 9 जनवरी की रात करीब दस बजे घर से बगैर बताए कहीं चली गई थी। काफी तलाश करने के बाद भी जब उसका कुछ पता नहीं चला तो परिजनों ने अगले दिन थाने जाकर उसके अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला नाबालिग से जुड़ा होने के कारण किशोरी की तलाश में पुलिस की एक विशेष टीम लगाई गई थी। शनिवार को सूचना


फाइल फोटो

मिली कि लापता किशोरी बेनजीर ग्राउंड के पास किसी युवक के साथ देखी गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने किशोरी को बरामद कर अपहरण करने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए युवक का नाम विशाल मराठा (22) निवासी गांधी नगर बताया गया है। किशोरी से पूछताछ के बाद विशाल के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराएं बढ़ाई गई हैं।

## बारह साल की बच्ची से नाबालिग ने पार्क में किया दुष्कर्म



**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र में बारह साल की नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। दुष्कर्म करने वाला भी नाबालिग है। घटना की शिकायत बच्ची के माता पिता ने बच्ची के साथ थाने पहुंचकर की थी। पुलिस ने बच्ची की शिकायत पर नाबालिग के खिलाफ बलात्कार, पाक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

थाना प्रभारी अशीष सोनी ने बताया कि 12 साल की बच्ची इलाके में रहती हैं। उसके माता पिता मजदूरी करते हैं। बच्ची के पड़ोस में एक नाबालिग रहता है। बच्ची की उससे दोस्ती हो गई?थी। गत 30 दिसंबर को नाबालिग उसे घुमाने के बहाने अपने साथ ले गया था और कॉलोनी के पास स्थित पार्क में ले जाकर उससे दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी ने उसे डराते धमकाते हुए कहा था कि यदि किसी से कुछ कहा तो वह जान से खत्म कर देगा। घटना के बाद से ही बच्ची डरी सहमी थी। रविवार को मां ने उससे पूछताछ की तो उसने आपबीती सुनाई। इसके बाद परिजन उसे थाने लेकर पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

### पशु प्रेमी महिला का वीडियो वायरल, गालियां देती आई नजर

# तीन साल के मासूम को कुत्ते ने काटा, पिता ने ननि टीम बुलाई तो कर दी मारपीट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**राजधानी में कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। अयोध्या नगर में 6 महीने के बच्चे को उठाकर ले जाने और उसकी जान लेने के बाद नगर निगम आयुक्त ने सख्त लहजे में आवारा कुत्तों को पकड़ने के निर्देश दे दिए, लेकिन नगर निगम की कुत्ता पकड़ने वाली टीम पशु प्रेमियों से काफी डरी हुई है। दअरसल, शनिवार को न्यू मिनाल रेसीडेंसी में कुत्ता पकड़ने पहुंची नगर निगम की टीम के साथ आधा दर्जन महिलाओं ने अभद्रता और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई थी। इसी प्रकार बीती रात रविवार को एक महिला ने कुत्ता पकड़ने की शिकायत करने वाले युवक के साथ मारपीट कर दी।**



पुलिस के अनुसार 30 साल के विकेश कुमार यादव, राजीव गांधी नगर, आनंद नगर पिपलानी में रहते हैं और प्राइवेट काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि गत 11 जनवरी को उनका 3 साल का बेटा कौशिक कॉलोनी में बने पार्क में खेल रहा था। इस दौरान कविता भावनानी के पालतू कुत्ते ने कौशिक को काट लिया। वह अपने कुत्ते को खुला छोड़ देती है। लिहाजा विकेश कुमार यादव ने नगर निगम की टीम को कुत्ता पकड़ने रविवार रात करीब साढ़े 9 बजे बुलाया?था। नगर निगम की टीम विकेश कुमार की मौजूदगी में पार्क में कुत्ता पकड़ने के लिए पहुंची थी। इसी बीच कविता भावनानी अपने दोनों बेटों के साथ पहुंच गई और हंगामा करने लगी। नगर निगम की टीम से उन्होंने पूछा कि किसने शिकायत की है। उन्हें पता चला कि विकेश के द्वारा शिकायत की गई है तो वह विकेश पर भड़क गई और अपने गालीगलौज करने लगी। विकेश का आरोप है कि कविता भावनानी और उसके बेटों ने उससे मारपीट की है। विकेश ने घटना की शिकायत पिपलानी थाने पहुंचकर की थी। पुलिस ने कविता और उसके बेटों पर मारपीट का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## रास्ता भटकी 5 साल की बच्ची को 4 घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने पहुंचाया घर

बिलखिरिया इलाके में रास्ता भटकी 5 साल की बच्ची को पुलिस ने 4 घंटे की मशक्कत के बाद सकुशल उसके घर पहुंचा दिया। एसआई बीएल शाक्या ने बताया कि रविवार की शाम करीब 4 बजे पटेल नगर बायपास चौराहे के पास पांच साल की एक बच्ची घूमते हुए मिली। सूचना के बाद वह साथी एसआई साहब सिंह इवने और वाहन चालक प्रीमत मालवीय के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बच्ची से नाम पूछा तो उसने अपना नाम परी बताया। घर का पता पूछने पर वह कोई सटीक जानकारी नहीं दो पा रही थी। उसके बाद उसे साथ लेकर परिजनों की तलाश शुरू की गई। करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद बच्ची के माता-पिता दौलतपुरा, कोकता में मिल गए। इसके बाद पुलिस ने बच्ची को उसकी मां रेखा बाई और पिता कन्हैयालाल यादव के सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि बच्ची घर के बाहर खेल रही थी, तभी रास्ता भटक कर दूर निकल गई थी। पुलिस ने बच्चों की देखभाल के लिए परिजनों के समझाईश दी।



## सूने मकान से जेवरात समेत एक लाख की चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कटारा हिल्स स्थित एक सूने मकान ताला तोड़कर चोर जेवरात और नकदी समेत करीब एक लाख का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस के मुताबिक गौरी शंकर आवासीय परिसर में रहने वाली काजल पांडे बीती 25 दिसंबर को शहर से बाहर चली गई थी। दो दिन पहले वापस लौटी तो घर का ताला टूटा मिला। चैक करने पर घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नकदी समेत करीब एक लाख का सामान गायब था। इधर हनुमानगंज थानांतर्गत इसरानी मार्केट से केबल वायर और सामान चोरी हो गया। पुलिस ने जुबेर इलाही की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### रातीबड़ स्थित केरवा डैम रोड पर हुआ था हादसा

# कार पेड़ से टकराई, 13 दिन बाद इंजीनियर की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित केरवा डैम रोड पर गत 31 दिसंबर की रात न्यू पार्टी से लौट रहे दो दोस्तों की कार पेड़ में जा घुसी। इस हादसे में को पेसेंजर साइड में बैठे इंजीनियर को गंभीर चोट आई थी। उसकी इलाज के दौरान रविवार दोपहर एम्स में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस कार चला रहे उसके दोस्त के खिलाफ प्रकरण दर्ज करेगी। एएसआई नंद किशोर दुबे ने बताया कि सार्थक भार्गव पिता अनुज भार्गव (28) जी सेक्टर अयोध्या नगर में रहता था और निजी कॉलेज में इंजीनियर था। उसके पिता अनुज भार्गव वेटनरी डॉक्टर हैं। गत 31 दिसंबर को अनुज अपने साथी अमन के साथ इंपीरियल फार्म में न्यू ईयर पार्टी मनाने गया था। वहां पार्टी मनाने के बाद अनुज और अमन आल्टो कार से लौट रहे थे। इस दौरान साक्षी ढाबा पहुंचने से पूर्व ही केरवा रोड पर सड़क किनारे उनकी कार पेड़ में जा घुसी। कार अमन चला रहा था और बगल में अनुज बैठा था। कार पेड़ में को पेसेंजर साइड से ही घुसी थी। लिहाजा इस हादसे में अनुज को गंभीर चोट आई थी। अनुज और अमन को बंसल अस्पताल ले जाया गया था। अमन को कम चोट होने के कारण उसे इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई, लेकिन अनुज की रीड की हड्डी टूटने से उसकी स्थिति गंभीर थी। कुछ दिन बंसल में इलाज कराने के बाद परिजन उसे एम्स लेकर पहुंचे थे। एम्स में इलाज के दौरान रविवार दोपहर अनुज की मौत हो गई।

## बाइक की टक्कर से बुजुर्ग व्यक्ति के पैर में फ्रैक्चर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अयोध्या नगर में एक तेज रफ्तार बाइक ने पैदल जा रहे बुजुर्ग व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिससे उनके पैर में फ्रैक्टर हो गया। पुलिस के मुताबिक फरियादी अंगद सिंह सेंगर सागर एवेन्यू में पतंजली की दुकान चलाते हैं। शनिवार सुबह करीब पौने ग्यारह बजे उनके पिता चंद्रपाल सिंह सेंगर पास की दुकान पर पाने लेने गए थे। वापस लौटते समय अयोध्या नगर चौराहे की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार बाइक चालक ने चंद्रपाल सिंह को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गए। सूचना मिलते ही अंगद सिंह मौके पर पहुंचे और पिता को इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने बताया कि चंद्रपाल के बाएं पैर के घुटने के नीचे फ्रैक्चर हुआ है। पिता को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद अंगद ने थाने जाकर टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज करवाया।

इसी इलाके में वंदावन चौराहे के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने बताया कि लाईट फिटिंग का काम करने वाला शुभम विश्वकर्मा शुक्रवार की रात करीब ग्यारह बजे भानपुर बायपास से कटारा हिल्स जा रहा था। वृंदावन चौराहे के पास तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह बाइक समेत सड़क पर गिर पड़ा। गिरने से दोनों पैर और कमर समेत शरीर में गंभीर चोट आई है। पुलिस ने टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।




**मेट्रो एंकर** हादसे के समय युवक सड़क क्रास कर दूसरी तरफ जा रहा था

# बैरागढ़ में कार की टक्कर से घायल हुए युवक ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बैरागढ़ इलाके में कार की टक्कर से घायल हुए युवक ने इलाज के दौरान हमीदिया अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। हादसे के समय युवक सड़क क्रास कर दूसरी तरफ जा रहा था, तभी कार ने उसे टक्कर मार दी थी।

पुलिस के मुताबक गुफरान अली (25) संजय नगर शाहजहांनाबाद में रहता था और एक दुकान पर काम करता था। बीती 31 दिसंबर की शाम को वह अपने चाचा के साथ काम से बैरागढ़ गया था। शाम करीब साढ़े छह बजे वह शिखर होटल के सामने सीहोर नाका बैरागढ़ में सड़क पार कर सामान लेने गया था। कुछ देर बाद गुफरान सामान लेकर बीआरटीएस कारीडोर को क्रास कर वापस लौट रहा था, तभी भोपाल की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही गुफरान सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि कार चालक वाहन लेकर सीहोर की तरफ भाग निकला। गंभीर रूप से घायल गुफरान को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां शनिवार-रविवार की रात उसने दम तोड़ दिया।


फाइल फोटो

पुलिस ने टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज किया था। घायल की मौत के बाद आरोपी चालक पर धाराएं बढ़ाई जा रही हैं।

## बिलखिरिया: किशोर को कुचलने वाले ट्रक ड्राइवर पर मामला दर्ज

**भोपाल।** बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित कान्हासइया में किशोर को कुचलने वाले ट्रक चालक पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने ट्रक जब्त कर लिया है, जबकि आरोपी चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक मोहित पाल पुत्र घीसीलाल (15) ग्राम कान्हासैया बिलखिरिया में रहता था और आठवीं कक्षा में पढ़ता था। उसके पिता खेती किसानी करते हैं। शनिवार रात करीब पौने दस बजे मोहित दुकान से सामान लेकर घर लौट रहा था। सड़क पार करते समय तेज रफ्तार से आ रहे आयसर ट्रक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने मोहित को इलाज के लिए पटेल नगर स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने कुछ देर बाद ही उसे मृत घोषित कर दिया। टक्कर मारने के बाद चालक मौके पर ट्रक छोड़कर फरार हो गया था, जिसे जब्त कर लिया गया है। चालक की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022